संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

**छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।**



**18 अप्रैल : तात्या टोपे की वीरता और आइंस्टीन के निधन से जुड़ी अहम तिथि**

पूर्णिया ,शनिवार | 18 अप्रैल 2026 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 05

# संसद में पीएम मोदी का संबोधन : नारी शक्ति, विकास और राष्ट्रीय एकता पर दिया बड़ा संदेश




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। संसद के मौजूदा सत्र में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। उनके संबोधन में महिला सशक्तिकरण, विकास नीति, संसदीय परंपरा और राष्ट्रीय एकता जैसे विषय प्रमुख रहे। सदन में प्रधानमंत्री के वक्तव्य को सरकार ने दूरदर्शी बताया, जबकि विपक्ष ने कुछ बिंदुओं पर सवाल भी उठाए।

**नारी शक्ति पर विशेष जोर**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 'नारी शक्ति' विकसित भारत की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत बताया।.

**विकास में समानता का संदेश**

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास की प्रक्रिया में किसी भी राज्य या वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी सांसदों से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देश के विकास कार्यों में सहयोग करें।

**विपक्ष के साथ संवाद का संकेत;** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से सकारात्मक संवाद और सहयोग की अपील की, ताकि जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान तेजी से हो सके।

**सदन में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं**

प्रधानमंत्री के बयान के बाद सत्ता पक्ष ने इसे ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी बताया, जबकि विपक्ष ने कुछ बिंदुओं पर असहमति जताई। हालांकि पूरे सदन में महिला सशक्तिकरण और विकास नीति चर्चा का मुख्य केंद्र बने रहे।प्रधानमंत्री का आज का संबोधन संसद में नीति, परंपरा और सामाजिक सुधारों के संतुलन को दर्शाने वाला माना जा रहा है।

**महिला आरक्षण पर सरकार की प्रतिबद्धता:**
सदन में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार गंभीर प्रयास कर रही है और यह निर्णय सामाजिक परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है।

**संसदीय परंपरा और अनुशासन पर बल:**
पीएम मोदी ने संसद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बहस लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन मर्यादित भाषा और अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने नए सांसदों को संसदीय परंपराओं से सीखने की सलाह भी दी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने हरिवंश को लगातार तीसरी बार उपसभापति बनने पर दी बधाई** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई देते हुए इसे सदन के गहरे विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हरिवंश का अनुभव, संतुलित कार्यशैली और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता सराहनीय है। प्रधानमंत्री ने उनके संसदीय योगदान, पत्रकारिता में भूमिका तथा युवाओं से निरंतर संवाद की भी प्रशंसा की। मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सदन की कार्यवाही और अधिक सुदृढ़ हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि नया कार्यकाल भी समर्पण और गरिमा के साथ आगे बढ़ेगा तथा सदन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खुला, ईरान ने रखी शर्त



**नई दिल्ली,** (हि.स.) मध्य-पूर्व में जारी तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी बड़ी राहत की खबर सामने आई है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने जानकारी दी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लेबनान में सीजफायर की अवधि तक सभी व्यापारिक जहाज इस मार्ग से सुरक्षित रूप से गुजर सकेंगे।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की सबसे अहम समुद्री ऊर्जा मार्गों में से एक है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। इसके खुलने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों पर सकारात्मक असर की उम्मीद जताई जा रही है।

हालांकि, ईरान ने स्पष्ट किया है कि जहाजों को उसके पोर्ट और समुद्री संगठन द्वारा तय समन्वित मार्गों का पालन करना होगा। इसका अर्थ है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर ईरान की निगरानी और नियंत्रण जारी रहेगा।

## लोकसभा में नहीं पारित हो पाया संविधान संशोधन विधेयक, सरकार ने कहा- जारी रहेगा महिलाओं को आरक्षण देने का अभियान

**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में लोकसभा में शुक्रवार को पेश 131वां संविधान संशोधन विधेयक आवश्यक दो तिहाई बहुमत प्राप्त नहीं कर सका। इस विधेयक के जरिए लोकसभा सीटों में वृद्धि और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव था। मतदान में विधेयक के पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जबकि पारित होने के लिए आवश्यक संख्या पूरी नहीं हो सकी।

**गृह मंत्री अमित शाह का बयान**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों को रोकने का काम किया है।उन्होंने इसे ऐतिहासिक अवसर बताया और कहा कि सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक स्वार्थ के कारण विधेयक का विरोध करने का आरोप भी लगाया।

**आगे की रणनीति और सदन की कार्यवाही स्थगित:** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार प्रयास जारी रखेगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी समर्थन की अपील की थी। विधेयक असफल होने के बाद संबंधित अन्य विधेयकों को वापस ले लिया गया और लोकसभा की कार्यवाही शनिवार सुबह तक स्थगित कर दी गई।

**सरकार का तर्क और विपक्ष का विरोध:**



] सरकार की ओर से दावा किया गया कि यह विधेयक महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम है। हालांकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इस मुद्दे पर सदन में दो दिन तक गहन बहस हुई।

## पश्चिम एशिया में संघर्ष के मद्देनजर भारतीय नौसेना ने परखीं अपनी समुद्री तैयारियां



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और बदलते भू-रणनीतिक हालात के बीच भारतीय नौसेना ने अपनी परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा की है। नई दिल्ली में 14 से 17 अप्रैल तक चले नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में ऑपरेशनल, मटेरियल, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और मानव संसाधन से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने उद्घाटन संबोधन में समुद्री सुरक्षा चुनौतियों, नॉन-स्टेट एक्टर्स के बढ़ते खतरे और नई तकनीक अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीडीएस जनरल अनिल चौहान और केंद्रीय गृह सचिव ने भी कमांडरों से बातचीत कर तेजी से बदलते युद्ध परिदृश्य के लिए तैयार रहने और तटीय सुरक्षा मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान भारतीय नौसेना समुद्री सुरक्षा रणनीति का अनावरण भी किया गया, जो विजन 2047 के अनुरूप भविष्य की चुनौतियों से निपटने का मार्गदर्शन करेगी।

## महिला आरक्षण बिल नहीं, चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नहीं, बल्कि देश के चुनावी नक्शे को बदलने की रणनीति है। राहुल गांधी ने दावा किया कि सरकार OBC, SC और ST वर्गों के अधिकारों को कमजोर कर रही है और जातिगत जनगणना से बच रही है ताकि उन्हें उचित प्रतिनिधित्व न मिले।उन्होंने कहा कि वास्तविक महिला आरक्षण कानून पहले ही 2023 में पारित हो चुका है, जिसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि परिसीमन के जरिए दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों का प्रतिनिधित्व कम करने की कोशिश हो रही है, जो संघीय ढांचे के खिलाफ है।

उन्होंने यह भी कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों की भागीदारी कॉरपोरेट, न्यायपालिका और अन्य क्षेत्रों में बेहद कम है और सरकार उन्हें केवल प्रतीकात्मक पहचान दे रही है।

## देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें : केंद्र




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है।

**एलपीजी और पेट्रोल-डीजल आपूर्ति सुचारु:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और प्रतिदिन लाखों सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है तथा रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

**भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर जोर:** विदेश मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में भारतीय नागरिकों और समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा सभी बंदरगाह सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं।

**प्रवर्तन और निगरानी तेज**
सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए कार्रवाई तेज की है, जिसके तहत कई वितरकों पर जुर्माना और निलंबन की कार्रवाई हुई है।

## एटीएस ने नासिक टीसीएस कंपनी के कथित धर्मपरिवर्तन और यौन शोषण मामले में दो आरोपितों से शुरु की पूछताछ



**मुंबई,** (हि.स.) महाराष्ट्र एंटी टेरोरिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने नासिक टीसीएस कंपनी में कथित धर्मांतरण और यौन शोषण मामले की जांच शुक्रवार से औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। इस दौरान जांच एजेंसियां मामले के हर पहलू की गहन पड़ताल कर रही हैं।

**दो आरोपियों से पूछताछ**

एटीएस ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपित समी शेख और रजा मेमन को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू की है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों से धर्मांतरण, यौन शोषण और संभावित टेरर फंडिंग के एंगल से पूछताछ की जा रही है।

**मुख्य आरोपित की तलाश जारी:** इस मामले की मुख्य आरोपी निदा मोईन नाविद खान अभी फरार है। उसकी तलाश में एसआईटी और एटीएस की संयुक्त टीम ठाणे के भिवंडी और मुंब्रा क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

**मोबाइल लोकेशन से मिले संकेत:** जांच में पता चला है कि निदा खान ने आज मुंब्रा इलाके में तीन बार अपनी लोकेशन बदली, जिससे उसकी गतिविधियों पर एजेंसियों की नजर और तेज हो गई है।

**नौकरी से बर्खास्तगी और आगे की कार्रवाई;** टीसीएस कंपनी ने निदा खान को नौकरी से निकाल दिया है। वहीं, अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई होगी। फिलहाल मामले की जांच कई एजेंसियों द्वारा हर एंगल से जारी है।

## शेख हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध विचाराधीन : भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

- **भारत ने स्पष्ट किया कि वह सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक संवाद बनाए हुए है।**



भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण मामले पर शुक्रवार को कहा कि इस संबंध में प्राप्त एक अनुरोध की समीक्षा की जा रही है और यह प्रक्रिया न्यायिक एवं आंतरिक कानूनी ढांचे के तहत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक संवाद बनाए हुए है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संबंध मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। इसी दौरान नीरव मोदी के प्रत्यर्पण पर भारत ने कहा कि वह ब्रिटेन के साथ लगातार संपर्क में है और कानूनी प्रक्रिया जारी है। भारत सरकार भगोड़े आर्थिक अपराधियों को वापस लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## चुनाव आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में की 865 करोड़ की जब्ती

### चुनाव आयोग ने 5,011 फ्लाइंग स्क्वायड टीम और 5,363 निरीक्षण टीम तैनात की हैं।




**नई दिल्ली,** (हि.स.) चुनाव आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सख्त कार्रवाई की है। आयोग के अनुसार अब तक दोनों राज्यों में मिलाकर कुल 865 करोड़ रुपये की नकदी एवं अवैध सामग्री जब्त की गई है।इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त बनाना है।

**कुल जब्ती का विस्तृत ब्योरा**

17 अप्रैल तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दोनों राज्यों में 99 करोड़ रुपये नकद, 84 करोड़ रुपये मूल्य की शराब (32 लाख लीटर), 174 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 159 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं तथा 350 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। आयोग ने इसे अब तक की बड़ी कार्रवाई में से एक बताया है।

**तमिलनाडु में भी कड़ी कार्रवाई**

तमिलनाडु में कुल 438 करोड़ रुपये की जब्ती दर्ज की गई है। इसमें 78 करोड़ रुपये नकद, 97 हजार लीटर शराब (3 करोड़ रुपये), 74 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 105 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं तथा 178 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

**सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था मजबूत:** चुनाव आयोग ने बताया कि दोनों राज्यों में कुल 5,011 फ्लाइंग स्क्वायड टीम और 5,363 निरीक्षण टीम तैनात की गई हैं। 26 फरवरी से चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली के सक्रिय होने के बाद से लगातार निगरानी की जा रही है। आयोग ने कहा कि शिकायतों का त्वरित निपटान और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो सकें।

**पश्चिम बंगाल में कार्रवाई का विवरण:**
पश्चिम बंगाल में कुल 427 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है। इसमें 21 करोड़ रुपये नकद, 31 लाख लीटर शराब (81 करोड़ रुपये), 100 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 54 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 172 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं शामिल हैं। राज्य में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

# नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- आज का दिन महिलाओं के लिए होगा क्रांतिकारी

**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने जेपी गंगा पथ स्थित दीघा गोलंबर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भी हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज की।

**बिहार में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का उल्लेख**

उन्होंने कहा कि बिहार में पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त किया गया है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।





**महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का संदेश**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन नारी शक्ति को समर्पित है और यह दिन ऐतिहासिक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर अधिक अवसर देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**महिला आरक्षण विधेयक पर बड़ा बयान**: मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित होता है तो यह देश की महिलाओं के लिए क्रांतिकारी कदम होगा। इसके लागू होने पर लोकसभा की 543 सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी, जिनमें एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी।

**प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना**: मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देशभर में महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में एक-तिहाई प्रतिनिधित्व देने की दिशा में कार्य हो रहा है। यह कदम महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देगा।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति**: कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रेयसी सिंह ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रमा निषाद, विधायक संगीता कुमारी, पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिहार में जनगणना 2027 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**पटना,** (हि.स.) विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय अभियान 'भारत की जनगणना-2027' का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज अपओ सचिवालय से माउस क्लिक कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो आगामी वर्षों में विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जनगणना-2027 तकनीकी दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल है। इसमें पहली बार पूर्णतः डिजिटल डेटा संग्रहण तथा स्व-गणना की सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। स्व-गणना के माध्यम से या प्रगणकों को सहयोग प्रदान कर एक सटीक, समावेशी और विश्वसनीय जनगणना संपन्न करने में अपना सहयोग दें। 'जनगणना-2027' बिहार एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

# जिलाधिकारी, पटना की समीक्षा बैठक: विधि-व्यवस्था, भूमि विवाद एवं अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**पटना,** (हि.स.) जिलाधिकारी, पटना द्वारा आज विधि-व्यवस्था संधारण, भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन, खनन, मद्य-निषेध, परिवहन तथा अभियोजन सहित विभिन्न प्रशासनिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि विवादों का त्वरित एवं प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने भू-माफियाओं, शराब माफियाओं एवं बालू माफियाओं के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही हर शनिवार को अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी की संयुक्त बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इन बैठकों की कार्यवाही को भू-समाधान पोर्टल पर समय पर अपलोड करने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने विधि-व्यवस्था संधारण के प्रति सभी अधिकारियों को सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निर्देश देते हुए सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच बेहतर समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद स्थापित करने पर जोर दिया।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन के साथ ही सुबह-सुबह कई जेलों में एक साथ छापेमारी

**पटना,** (हि.स.) बिहार में नई सरकार के गठन के साथ ही शासन और प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जेलों में एक साथ सघन तलाशी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चलाया गया। उत्तर बिहार की सबसे महत्वपूर्ण जेलों में शुमार मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जिले के आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंचे।

**तड़के 4:30 बजे शुरू हुआ ऑपरेशन**:: जेल में यह छापेमारी अहले सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुई। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों थानों की पुलिस और भारी संख्या में पुलिस लाइन के जवानों ने जेल परिसर को चारों तरफ से घेर लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने एक-एक कर जेल के सभी वार्डों की बारीकी से तलाशी ली।



**एसएसपी बोले- पुलिस मुख्यालय का था निर्देश**:: अभियान की समाप्ति के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित सुरक्षा समीक्षा और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में की गई थी। उन्होंने कहा, "मेरे और जिलाधिकारी के नेतृत्व में जेल की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, सभी एसडीपीओ और कई थानों की पुलिस के साथ-साथ पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल की तैनाती की गई थी।" एसएसपी ने राहत जताते हुए जानकारी दी कि घंटों चली इस सघन तलाशी के बावजूद जेल के भीतर से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है।

**सीवान जेल में एक घंटे तक रेड**:: सिवान मंडल कारा में डीएम विवेक रंजन मैत्रेय और एसपी पूरन कुमार झा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। करीब एक घंटे तक चली इस कार्रवाई में पांच थानों की पुलिस और अतिरिक्त बल शामिल रहा, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**भोजपुर में सुबह चार बजे रेड**: इसी तरह भोजपुर में डीएम तन्य सुल्तानिया और एसपी राज के नेतृत्व में सुबह चार बजे से छह बजे तक संयुक्त छापेमारी की गई। अधिकारियों ने सभी वार्डों की गहन तलाशी ली, लेकिन यहां भी कुछ आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ।

**बक्सर में खंगाला गया जेल का चप्पा-चप्पा**:: बक्सर केंद्रीय कारा में डीएम और एसपी के नेतृत्व में करीब ढाई घंटे तक तलाशी अभियान चला। वहीं वैशाली में डीएम वर्षा सिंह और एसपी विक्रम सिहाग के नेतृत्व में लगभग दो घंटे तक छापेमारी की गई।

**भागलपुर से शुरू हुआ सख्त निरीक्षण का सिलसिला**

भागलपुर के शहीद जुब्बा सहनी केंद्रीय कारा में जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन की टीम ने संयुक्त निरीक्षण किया. डीएम और एसएसपी स्तर के अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा, साफ-सफाई, बंदियों की सुविधाओं और विधि-व्यवस्था का बारीकी से आकलन किया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया जाए और किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

**सीतामढ़ी में मिला संदिग्ध कागजात**:: सीतामढ़ी जेल में छापेमारी के दौरान प्रशासन को एक वार्ड से संदिग्ध कागजात मिला, जिसमें मोबाइल नंबर और आपत्तिजनक बातें दर्ज थीं। इसके बाद प्रशासन और सतर्क हो गया है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि कुख्यात अपराधियों को अब केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया जा सकता है।

बिहार में हुए इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तुरंत बाद जेलों में हुई इस छापेमारी को कानून-व्यवस्था मजबूत करने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन की इस सख्ती से अपराधियों के मनोबल टूटने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भारत की जनगणना–2027 हेतु स्व-गणना पर समाहरणालय कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण, किया गया प्र



**पटना,** (हि.स).जिला पदाधिकारी, पटना के निदेश के आलोक में भारत की जनगणना–2027 के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय स्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्व-गणना (Self Enumeration) से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण बनाना तथा अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने हेतु प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण सत्र में संबंधित अधिकारियों ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित जनगणना प्रक्रिया, इसके चरणों तथा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना करने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को बताया गया कि स्व-गणना प्रणाली के माध्यम से नागरिक अपने परिवार एवं आवास संबंधी आवश्यक विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं, जिससे गणना कार्य में पारदर्शिता एवं गति दोनों सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे न केवल स्वयं इस प्रक्रिया में भाग लें, बल्कि आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब की संभावना न रहे। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई और प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल जनगणना प्रणाली देश में डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को आधुनिक एवं प्रभावी बनाएगी। अंत में सभी उपस्थित कर्मियों से अपेक्षा की गई कि वे जनगणना–2027 को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# निशांत की बढ़ी राजनीति सक्रियता, पार्टी प्रवक्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीतियों पर किया मंथन'

**पटना,** (हि.स. हार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद निशांत की राजनीति में सक्रियता बढ़ गयी है।वे प्रतिदिन पार्टी कार्यालय में बैठक कर रहे और जिलों से आये कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उनकी भावनाओं से अवगत हो रहे है। इस क्रम में शुक्रवार कोजनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय में निशांत कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के साथ पार्टी प्रवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक की।



बैठक के दौरान पार्टी की आगामी रणनीतियों एवं समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के दो दशकों के ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने की रूपरेखा पर विशेष चर्चा हुई।उन्होंने पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने पर बल दिया।

निशांत कुमार ने पार्टी प्रवक्ताओं के साथ बैठक के दौरान यह निर्देश दिया कि हमारी पार्टी सभी तबकों का सम्मान करती है एवं किसी भी धार्मिक एवं सामाजिक समूह की भावना आहत न हो, यह हमारे नेता नीतीश कुमार एवं जदयू की नीति रही है।।

बैठक के दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने निशांत कुमार से आग्रह किया कि वे लोगों के बीच ''जय निशांत, तय निशांत'' के नारे के साथ जाना चाहते हैं। प्रदेश प्रवक्ताओं ने इस नारे को लेकर उनसे सहमति भी मांगी।

इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़.दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधान पार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, विधायक शालिनी मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा, परिमल कुमार, हिमराज राम, अंजुम आरा सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे।

बैठक के बाद निशांत कुमार ने पार्टी कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की एवं उनका हाल-चाल जाना।

# BCECE 2026: 30-31 मई को होगी परीक्षा, आवेदन से एडमिट कार्ड तक पूरा शेड्यूल जारी



**पटना,** (हि.स)बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बीसीईसीई) 2026 का आयोजन 30 और 31 मई को किया जाएगा। परीक्षा 30 मई को चार पालियों में तथा 31 मई को एक पाली में आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 5 मई 2026 तक चलेगी। पंजीकृत अभ्यर्थी 6 मई 2026 तक आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। वहीं आवेदन पत्र में सुधार के लिए 7 से 8 मई 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 22 मई 2026 को जारी किया जाएगा। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने 14 अप्रैल 2026 को विज्ञापन जारी कर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के इंजीनियरिंग, कृषि, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी और ऑप्टोमेट्री जैसे स्नातक कोर्सों में नामांकन मिलेगा। साथ ही बीएससी नर्सिंग एवं अन्य समकक्ष कोर्सों में भी सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इंजीनियरिंग कोर्सों में जेईई मेन के बाद बची सीटों पर भी इसी परीक्षा के माध्यम से दाखिला होगा। कृषि कोर्सों में पीसीएम और पीसीबी आधारित मेधा सूची के आधार पर सीटें भरी जाएंगी। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

# समीक्षा बैठक : जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम दिखे सख्त, योजनाओं में देरी पर जताई नाराजगी

## आंगनबाड़ी निर्माण, आवास योजना, मनरेगा और सामाजिक सुरक्षा पर फोकस——लंबित कार्य जल्द निपटाने के निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया समाहरणालय स्थित महानन्दा सभागार में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।





**आंगनबाड़ी निर्माण में तेजी लाने का निर्देश**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में नाबार्ड के सहयोग से 27 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें 8 निर्माणाधीन हैं। शेष 19 केंद्रों के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र स्थल चयन कर निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

**आवास योजना और मनरेगा पर विशेष जोर**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए डीएम ने लंबित प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त के भुगतान में तेजी लाने तथा अपूर्ण आवासों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया।

> ▪ अधिकारियों को स्वयं तथा अधीनस्थ कर्मियों के माध्यम से अधिक से अधिक स्व-गणना सुनिश्चित करने को कहा गया।

**सामाजिक सुरक्षा और ई-केवाईसी अभियान तेज करने के निर्देश**

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का ई-केवाईसी कैंप मोड में कराने का निर्देश दिया गया। इसके लिए पंचायत स्तरीय कर्मियों, वीएलई और जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के सहयोग से कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

**आपदा, म्यूटेशन और ई-मापी मामलों पर सख्ती**

अंचलाधिकारियों को प्रतिदिन आपदा से जुड़े मामलों का समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित म्यूटेशन, परिमार्जन और ई-मापी मामलों को भी तय समय में निपटाने पर बल दिया गया।

> ▪ जिले में नाबार्ड के सहयोग से 27 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें 8 निर्माणाधीन हैं। शेष 19 केंद्रों के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र स्थल चयन कर निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया ।

**स्व-गणना पोर्टल के उपयोग पर जोर**

बैठक में https://se.census.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की जानकारी दी गई और सभी अधिकारियों को स्वयं तथा अधीनस्थ कर्मियों के माध्यम से अधिक से अधिक स्व-गणना सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# निगरानी की बड़ी कार्रवाई : 40 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया राजस्व कर्मचारी,

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ पूर्णिया में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की छापेमारी, महिला सहयोगी के साथ गिरफ्तारी— भूमि जांच रिपोर्ट के नाम पर मांगी जा रही थी घूस



भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की टीम ने पूर्णिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व कर्मचारी को ₹40,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में आरोपी के साथ एक महिला सहयोगी को भी पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी राजस्व कर्मचारी लाल बाबू रजक, अंचल कार्यालय पूर्णिया पूर्व में पदस्थापित थे। उनके खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह भूमि विवाद से जुड़े एक मामले की जांच रिपोर्ट देने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता द्वारा निगरानी विभाग, पटना में इसकी सूचना दी गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने ₹40,000 की रिश्वत ली, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पूर्णिया पूर्व अंचल कार्यालय के अभिलेखागार कक्ष से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके साथ मौजूद महिला, जो कथित रूप से सहयोग कर रही थी, उसे भी हिरासत में लिया गया।

निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें विशेष न्यायालय, निगरानी, भागलपुर में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखी जा रही है, जिससे सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

# महिला आरक्षण पर लोकसभा मेंसांसद पप्पू यादव, बोले— सामाजिक न्याय के बिना अधूरा है कानून

## SC/ST और OBC महिलाओं के लिए अलग कोटा की मांग, सरकार पर प्रक्रिया और सुरक्षा को लेकर साधा निशाना

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जोरदार तरीके से अपनी बात रखते हुए सरकार की कार्यप्रणाली और बिल की संरचना पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह विधेयक लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं लाया गया। वर्ष 2014 की प्री लेजिस्लेटिव काउंसिल पॉलिसी का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी बिल को कम से कम 30 दिनों तक सार्वजनिक विमर्श के लिए रखा जाना चाहिए, लेकिन इस संवैधानिक संशोधन को सांसदों के बीच सत्र से महज दो दिन पहले ही साझा किया गया।



अपने संबोधन में उन्होंने देश में महिलाओं की मौजूदा स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि आजादी के बाद महिलाओं को सम्मान के बजाय प्रतीकात्मक पूजा तक सीमित रखा गया। सती प्रथा, दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा और यौन शोषण जैसे मुद्दे आज भी समाज में व्याप्त हैं। ग्रामीण महिलाओं की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पीड़ा और संघर्ष को नजरअंदाज किया जाता है।

सामाजिक असमानता पर हमला बोलते हुए पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता और संसाधन कुछ गिने-चुने प्रभावशाली लोगों तक सीमित हैं, जिनमें वंचित वर्गों की भागीदारी नगण्य है। उन्होंने कहा कि जब तक दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक उनके अधिकार सुरक्षित नहीं हो सकते।

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने देशभर में बढ़ते अपराधों को "लोकतंत्र का काला अध्याय" बताया और कहा कि अधिकांश मामले सामने ही नहीं आ पाते।

हालांकि, उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया कि इसमें सामाजिक न्याय का संतुलन जरूरी है। उन्होंने मांग की कि SC/ST और OBC महिलाओं के लिए अलग आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, तभी यह कानून प्रभावी और न्यायपूर्ण साबित होगा।

# पूर्णिया में सौर ऊर्जा आधारित 10 मीट्रिक टन क्षमता वाले माइक्रो कोल्ड चैंबर का निरीक्षण, किसानों के लिए बनी बड़ी सुविधा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत 24.70 लाख की लागत से स्थापित आधुनिक कोल्ड चैंबर, किसानों को मिलेगा 50% अनुदान का लाभ



समाहरणालय पूर्णिया के अंतर्गत जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत स्थापित सोलर पैनल आधारित माइक्रो कोल्ड चैंबर का भौतिक निरीक्षण किया गया। यह आधुनिक शीत गृह पूरी तरह सौर ऊर्जा पर आधारित है और इसकी भंडारण क्षमता 10 मीट्रिक टन है।

यह परियोजना उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग बिहार, पटना द्वारा संचालित की जा रही है। इसका निर्माण बी कोठी प्रखंड के मलडिया ग्राम निवासी किसान रौशन कुमार सिंह द्वारा कराया गया है। लगभग 24 लाख 70 हजार रुपये की कुल लागत वाली इस परियोजना में सरकार की ओर से 50 प्रतिशत यानी 12 लाख 35 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है।

इस कोल्ड चैंबर में 11 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से कूलिंग सिस्टम संचालित होता है। इसमें 30 घंटे तक थर्मल पावर बैकअप की भी सुविधा उपलब्ध है, जिससे बिजली बाधित होने की स्थिति में भी भंडारण प्रभावित नहीं होता। पूरी प्रणाली को आधुनिक तकनीक के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नियंत्रण से संचालित किया गया है, जबकि सोलर पैनल की कार्यक्षमता लगभग 25 वर्षों तक बनी रहने की संभावना है।

इस सुविधा से किसानों को अपने फल एवं सब्जियों का सुरक्षित भंडारण करने में मदद मिलेगी, जिससे वे उचित समय पर बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल कृषि उत्पादों के संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# अंबेडकर आवासीय विद्यालय का रात्रि औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की हुई गहन जांच

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» शिक्षकों की उपस्थिति, भोजन गुणवत्ता, छात्रावास और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष फोकस



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, जानकी नगर का जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में संचालित व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था।

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया और उनके द्वारा संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही छात्रावास में रह रहे छात्रों की उपस्थिति की भी जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी छात्र नियमित रूप से विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

जिला कल्याण पदाधिकारी ने जीविका समूह द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। भोजन की स्वच्छता एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति और समग्र स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति का भी आकलन किया गया। अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की भी गहन जांच की गई।

जिला कल्याण पदाधिकारी ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को बेहतर और सुचारू बनाए रखने पर बल दिया।

# GMCH पूर्णिया में डाक्टरों ने 3 किलो का ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशान मजदूर को मिली नई जिंदगी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» डॉक्टरों की निःस्वार्थ सेवा ने पेश किया उदाहरण, 30 साल का दर्द हुआ खत्म



भवानीपुर निवासी गरीब मजदूर गुरुदेव मुखिया को जीएमसीएच पूर्णिया में डॉक्टरों की टीम ने नई जिंदगी दी है। करीब 30 वर्षों से गले में बढ़ते ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर उसे हटाया गया। इस ट्यूमर का वजन लगभग 3 किलो था, जो उनके लिए गंभीर शारीरिक और मानसिक पीड़ा का कारण बन चुका था।

डॉ. तारकेश्वर कुमार और डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉक्टरों के अनुसार अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन मरीज के जल्द स्वस्थ होने की पूरी उम्मीद है।

गुरुदेव मुखिया आर्थिक तंगी के कारण वर्षों तक इलाज नहीं करा सके और मजदूरी कर जीवन यापन करते रहे। उनकी स्थिति पर ध्यान देते हुए डॉ. विकास कुमार ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और बिना किसी शुल्क के इलाज का निर्णय लिया। इलाज में प्रेस क्लब पूर्णिया, श्रीराम सेवा संघ और मेडिकल छात्रों ने भी सहयोग दिया। डॉक्टरों की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि चिकित्सा सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर रानीपतरा में जश्न, अबीर-गुलाल और मिठाइयों से गूंजा माहौल

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पद की शपथ लेते ही पूरे प्रदेश के साथ-साथ पूर्णिया जिले में भी उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में गुरुवार को रानीपतरा बाजार में राष्ट्रीय लव कुश सेवा मिशन के बैनर तले भव्य जश्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बैजनाथ प्रसाद मेहता, प्रशांत सिंह कुशवाहा और मुकेश कुमार सिंह ने किया।

पटना में शपथ ग्रहण की औपचारिक घोषणा होते ही कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूम उठे और पूरा बाजार उत्सव के रंग में रंग गया।

उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान 'सम्राट चौधरी जिंदाबाद' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों और स्थानीय लोगों के बीच लड्डू और जलेबी वितरित कर खुशी साझा की।

कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्रोफेसर कमलेश्वरी प्रसाद मेहता ने किया, जिन्होंने इसे सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण का प्रतीक बताया। वहीं रामचंद्र सिंह और बैधनाथ मेहता ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में बिहार में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस मौके पर दिलीप मेहता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, जदयू नेता अमरेन्द्र कुशवाहा, गुड्डू कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, रणधीर सिंह, मुकेश सिंह कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष संतोष मेहता, बिनोद मेहता, रंजन कुशवाहा, दिलीप साह, मोहित भट्ट, शंकर मेहता, पप्पू सिंह, विश्वनाथ सिंह, अमरेंद्र कुशवाहा, अजय मेहता, राजकुमार सिंह, चांदी उपमुखिया राजेंद्र मेहता, अशोक , दिलिप सिंह, विनोद कुशवाहा, विजय मेहता, दीपेश मेहता, नीरज मेहता, सुनील सिंह, उमेश कुशवाहा, विनय सिंह, संजय सिंह, इंद्रजीत सिंह, सोनू सिंह, शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बैठक : जनगणना 2027 को लेकर पूर्णिया में जागरूकता अभियान तेज, डीएम ने मीडिया संग की अहम बैठक

## "जनगणना में सबकी भागीदारी, पूर्णिया आगे – बिहार आगे" के संकल्प के साथ स्वःगणना पर जोर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में जनगणना 2027 को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में मीडिया प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनगणना के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देना और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

**तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 की प्रक्रिया, उसके डिजिटल स्वरूप एवं डेटा संग्रहण की नई प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग



■ जिला प्रशासन ने सभी पूर्णिया वासियों से अपील की है कि वे विभागीय वेबसाइट https://se.census.gov.in/ पर जाकर जल्द से जल्द अपनी स्वःगणना पूरी करें और इस अभियान का हिस्सा बनें।

किया जा रहा है।

**स्वःगणना पर विशेष जोर**

जिला प्रशासन द्वारा "स्वःगणना" को बढ़ावा देते हुए बताया गया कि नागरिक अब अपने मोबाइल फोन के माध्यम से घर बैठे ही अपनी और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, तेज और सुविधाजनक है, जिससे लोगों को किसी प्रकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

**मीडिया और अधिकारियों ने किया स्वयं पंजीकरण**

बैठक में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वयं आगे बढ़कर स्वःगणना की प्रक्रिया अपनाई और इसका अनुभव साझा किया। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेने की अपील की गई।

**सही डेटा से मजबूत होगा विकास**

जिलाधिकारी ने कहा कि सटीक और अद्यतन आंकड़े ही बेहतर सरकारी योजनाओं की नींव होते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनगणना का सही डेटा अत्यंत आवश्यक है।

**ऑनलाइन प्रक्रिया से जुड़ने की अपील**

जिला प्रशासन ने सभी पूर्णिया वासियों से अपील की है कि वे विभागीय वेबसाइट https://se.census.gov.in/ पर जाकर जल्द से जल्द अपनी स्वःगणना पूरी करें और इस अभियान का हिस्सा बनें।

जागरूक और जिम्मेदार जिला बनाने का संकल्प

बैठक के अंत में "जनगणना में सबकी भागीदारी, पूर्णिया आगे – बिहार आगे" के संदेश के साथ सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की गई, ताकि पूर्णिया जिला एक जागरूक और जिम्मेदार जिले के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सके।

# जन समस्याओं पर डीएम सख्त : सेवा-संवाद कार्यक्रम में 26 आवेदनों की सुनवाई, 5 का मौके पर समाधान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» सबका सम्मान-जीवन आसान' पहल के तहत हर सोमवार-शुक्रवार हो रही जनसुनवाई, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश



सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा०प्र०से०) ने आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

'सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस जनसंवाद में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे डीएम के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ मामलों के निष्पादन पर जोर दिया।

कार्यक्रम के समानांतर प्रखंड, अनुमंडल एवं विभिन्न विभागों के कार्यालयों में भी पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिससे आमजन को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।

## जलालगढ़ पुलिस की कार्रवाई : 14 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



पूर्णिया जिले के जलालगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 अप्रैल 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की।

इस दौरान एक साइकिल पर ले जाए जा रहे कुल 14 लीटर देशी शराब को जब्त किया गया। मौके से शिबु ऋषि (45 वर्ष), पिता स्वर्गीय मंचलाल ऋषि, निवासी संतोष नगर वार्ड नंबर 07, थाना जलालगढ़, जिला पूर्णिया को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मीरगंज में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. लक्ष्मी नारायण सुधांशु की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि, बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

मीरगंज बाजार मुख्य चौराहा पर शुक्रवार को पूर्व बिहार विधान सभा अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण सुधांशु की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सुधांशु के चित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूरे वातावरण में भावुकता एवं सम्मान का भाव देखने को मिला।

इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी मीरगंज मंडल अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्व. लक्ष्मी नारायण सुधांशु का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं जनसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने बिहार विधान सभा अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मौके पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी स्व. सुधांशु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके राजनीतिक जीवन, सादगी एवं जनसेवा की भावना को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका योगदान सदैव क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री कृष्णकांत भारद्वाज, बद्री मंडल, कलानंद चौधरी, दीपक कुमार मेहता, दीपक सिंह, कुमार विरब्रत, राजकुमार ठाकुर,पूर्व अध्यक्ष अभिनंदन कुमार साह समेत अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में स्व. सुधांशु के आदर्शों को अपनाने एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# धमदाहा के मीरगंज में अग्निशमन सेवा सप्ताह, मॉक ड्रिल व नुक्कड़ नाटक से दी गई जानकारी

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

■ लाइन होटल परिसर में प्रशिक्षण, ग्रामीण इलाकों में जाकर आग से बचाव के बताए उपाय



शुक्रवार को धमदाहा प्रखंड अंतर्गत मीरगंज नगर पंचायत स्थित लाइन होटल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोरंज चौधरी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन कर लोगों को आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीके सिखाए गए।

कार्यक्रम में सब ऑफिसर साबिर हुसैन, प्रधान अग्निक विशाल कुमार राज एवं अग्निक गौरव पंडित ने उपस्थित लोगों को आग पर काबू पाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। विशेष रूप से रसोई में चूल्हे के उपयोग के दौरान निकलने वाली चिंगारी से आग लगने की घटनाओं से बचाव के तरीके समझाए गए।

इसके अलावा ठाढ़ी मुसहरी टोला, पहाड़ टोल, रूपसपुर, खगाहा और जयनगरा सहित कई स्थानों पर अग्निशमन कर्मियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों को आग से बचाव, सतर्कता और समय पर सूचना देने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर +2, बाघमारा पूर्णिया का शानदार परीक्षा परिणाम, 10वीं में 119 छात्र सफल

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सरस्वती विद्या मंदिर +2, श्रीनगर रोड , बाघमारा , पूर्णिया के कक्षा 10वीं (CBSE बोर्ड 2025–26) का परीक्षा परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा। इस वर्ष कुल 119 भैया-बहनों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।




विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें जयराज (93%), हर्ष कुमार (91%), विराज सिंह (91%), आर्यन आर्या (90%), रूची कुमारी (90%) एवं रौनक कुमार (90%) शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, 80% से 90% के बीच 11 विद्यार्थी, 70% से 80% के बीच 17 विद्यार्थी तथा 60% से 70% के बीच 32 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। शेष सभी विद्यार्थियों ने 60% तक अंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण की।

इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# केनगर व चम्पानगर पुलिस की कार्रवाई, शराब पीने व वारंट के मामलों में 10 गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल केनगर**



जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर केनगर और चम्पानगर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें सात लोगों को शराब पीने के आरोप में तथा तीन को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पकड़ा गया।

केनगर थाना पुलिस ने एक शराबी और तीन वारंटियों समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में बनभाग निवासी मो. मोनू, काझा बनियापट्टी के कमलदेव महलदार, उनके पुत्र रंजीत कुमार महलदार तथा पंकज महलदार शामिल हैं।

वहीं चम्पानगर थाना पुलिस ने अभियान चलाकर छह शराब पियक्कड़ों को दबोचा। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में सदानंद महलदार, सूरज महलदार, पंकज राम, मुकेश कामती, भरत कुमार और मो. इसराइल शामिल हैं।

दोनों थानाध्यक्षों ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शुक्रवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# किसान न्याय सत्याग्रह का पांचवां दिन, यूएस ट्रेड डील के विरोध में गरजे युवा कांग्रेस नेता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

» एमएसपी की कानूनी गारंटी और प्रस्तावित समझौते को रद्द करने की उठी मांग




पूर्णिया के कृषि उत्पादन बाजार समिति, गुलाबबाग गेट पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित सात दिवसीय किसान न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम का पांचवां दिन भी जारी रहा। धरना का नेतृत्व युवा अध्यक्ष शेख सद्दाम ने किया, जबकि मंच संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष अफरोज आलम ने किया।

धरना में शामिल कांग्रेस नेताओं ने प्रस्तावित अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौते (यूएस ट्रेड डील) को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए तत्काल रद्द करने की मांग की। बड़ी संख्या में जुटे किसानों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि यह डील लागू होने पर देश का कृषि बाजार विदेशी कंपनियों के हाथों में चला जाएगा।

शेख सद्दाम ने अपने संबोधन में दो प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि किसान विरोधी यूएस ट्रेड डील को रद्द किया जाए और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी गारंटी दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां किसानों और युवाओं के हितों के खिलाफ हैं तथा बड़े कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाली हैं।

वहीं जिला अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा कि इस समझौते से सस्ते आयातित कृषि उत्पादों की भरमार होगी, जिससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने इसे किसानों की आजीविका और देश की मंडी व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया।

धरना में कई युवा कांग्रेस पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल महिला के इलाज के दौरान मौत मातम

**न्यूज़ स्केल अमौर**

अमौर -पल्सा पुल में बीती रात्रि हुए मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार महिला की इलाज के दौरान जीएमसीएच पूर्णिया में हुई मौत। बताते चलेगी कस्बा पलसा मार्ग पर पलसा पुल के बीचो-बीच अवैध रूप से रखें गिट्टी मैं तेरदही निवासी अरुण चौधरी अपने मां के साथ घर जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिट्टी पर बाइक लेकर गिर गया।जिसमें दोनों मां बेटा



बुरी तरह से घायल हो गया था। जिसका इलाज के लिए पूर्णिया रेफर किया गया था जहां उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान अरुण चौधरी की मां पार्वती देवी के मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मातम छा गया वहीं सभी गांववासी शौकाकुल हो गए। जिला परिषद क्षेत्र संख्या 28 से प्रत्याशी चुन्नी देवी ने शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से सरकारी राहत अनुदान राशि की मांग की।

# बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को मिली ऐतिहासिक उपलब्धि, ICAR से मिला ग्रेड A, कृषि शिक्षा में बढ़ा गौरव

न्यूज स्केल पूर्णिया



बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), नई दिल्ली द्वारा ग्रेड A प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान में नवाचार तथा किसानों तक तकनीकी ज्ञान के प्रभावी प्रसार का प्रमाण माना जा रहा है।
विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित दस महाविद्यालयों के साथ-साथ भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णिया ने भी शिक्षण, अनुसंधान, विस्तार कार्यों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि से पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल है।
माननीय कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा किसानों के सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्रेड देश के सर्वोच्च कृषि अनुसंधान संस्थान ICAR द्वारा विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और कार्यक्षमता की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है।
इस उपलब्धि के बाद विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हुई है। इसे न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के कृषि क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी बताया जा रहा है। महाविद्यालय के सभी वैज्ञानिक, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं इस उपलब्धि पर गौरवान्वित एवं उत्साहित हैं।
सह अधिष्ठाता-सह-प्राचार्य डॉ. डी. के. महतो ने विश्वविद्यालय को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए इसे कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया।स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## केंद्रीय कारा पूर्णिया में तड़के औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था मिली दुरुस्त

न्यूज स्केल पूर्णिया

**डीएम-एसपी के निर्देश पर गठित टीम की कार्रवाई, कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला**



समाहरणालय पूर्णिया के जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार तड़के केंद्रीय कारा पूर्णिया का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा०प्र०से०) एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सहरावत (भा०पु०से०) के निर्देश पर गठित पांच सदस्यीय टीम द्वारा किया गया।
अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) श्री राज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने सुबह करीब 4 बजे जेल परिसर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई, जिसमें किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।
निरीक्षण के क्रम में कारा परिसर एवं रसोईघर की साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। हालांकि, बैरकों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।
इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री श्वेताम दीक्षित, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, वरीय उप समाहर्ता सुश्री नीलिमा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूर्णिया पूर्व, अंचल अधिकारी, के० हाट थाना अध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।
प्रशासन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण कर कारा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता अभियान तेज, कुपोषण पहचान से लेकर खेल-योग तक आयोजित कार्यक्रम

न्यूज स्केल पूर्णिया

**माइक्रो प्लान के अनुरूप दैनिक गतिविधियां, बच्चों व माताओं को पोषण, स्वास्थ्य और समग्र विकास का दिया गया संदेश**



जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। निर्धारित माइक्रो प्लान के अनुसार शुक्रवार को कुपोषण की शीघ्र पहचान एवं परामर्श सत्र, खिलौना निर्माण कार्यशाला, बाहरी खेल, योग एवं शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलौना एवं शिक्षण सामग्री दान अभियान और पोषण विषयक नारा लेखन कार्यक्रम आयोजित किए गए।
जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) द्वारा इन सभी गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय किया जा रहा है। इस दौरान सेविका, महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों और लक्षित समूहों के साथ विस्तार से चर्चा की।
परामर्श सत्र में कुपोषण के लक्षणों जैसे बच्चों के वजन में कमी, मांसपेशियों का ढीलापन, चिड़चिड़ापन, लगातार थकान, बालों का रूखापन, आंखों का धंसा होना तथा उम्र के अनुसार कद और वजन में कमी की पहचान करने की जानकारी दी गई। साथ ही परिवारों को ऊर्जा एवं प्रोटीन युक्त आहार के महत्व, गर्भवती महिलाओं और जीवन के पहले 1000 दिनों तक के बच्चों के विशेष पोषण पर जोर दिया गया।
स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच और सही पोषण संबंधी सलाह अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए बाहरी खेल, योग और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके।
इसके अलावा सभी केंद्रों पर प्रदर्शनी के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। खिलौना एवं शिक्षण सामग्री दान अभियान के तहत स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की गई, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिल सके।
डिजिटल माध्यमों, पोस्टर और नारा लेखन के जरिए भी व्यापक जागरूकता फैलायी गई। कार्यक्रम का मुख्य संदेश "सही पोषण - देश रोशन" को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# पूर्णिया में गैस की भरपूर उपलब्धता, प्रशासन ने अफवाहों से बचने की दी सलाह

न्यूज स्केल पूर्णिया

**8448 सिलेंडरों का हुआ वितरण, गोदामों में 22688 सिलेंडर उपलब्ध; उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग नहीं करने की अपील**



जिले में एलपीजी गैस को लेकर किसी प्रकार की किल्लत नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।
अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री रविशंकर उरांव ने बताया कि शुक्रवार को कुल 8448 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया। वहीं, गैस एजेंसियों के गोदामों में अभी भी 22688 सिलेंडर सुरक्षित रखे गए हैं, जो जरूरत के अनुसार उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार को 9513 उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की मांग की थी, जिसके विरुद्ध अधिकांश उपभोक्ताओं को नियमानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का तथा शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों का निर्धारित है।
प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में आकर अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग या एजेंसियों के काउंटर व गोदामों पर भीड़ न लगाएं। सभी उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति नियमित रूप से होम डिलीवरी सेवा प्रदान की जा रही है।
यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई शिकायत हो, तो वे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 या 242320 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

## लम्बित मामलों के वर्षों से फरार कुर्की जब्ती वारंटी गिरफ्तार



न्यूज स्केल अमौर

अमौर थाना क्षेत्र में लम्बित मामलों के वर्षों से फरार एक कुर्की जब्ती वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटी मो सादिक पिता मो कफीलुद्दीन, साकिन डौहुआबाड़ी, थाना अमौर जिला पूर्णिया का निवासी बताया गया है जिसे अमौर थाना के एएसआई रंजन कुमार ने पुलिस बल के साथ गुप्त सूचना पर डौहुआबाड़ी गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष अनन्त राम ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी मो सादिक विरूद्ध कोर्ट द्वारा एसटी 303/16 एवं सीआईएस 308/16 तहत कुर्की जब्ती वारंट निर्गत किया गया था जो वर्षों से फरार चल रहा था। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि वह गांव में देखा गया है। सूचना पर तत्काल छापेमारी कर उसे घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार कुर्की जब्ती वारंटी मो सादिक।

## पूर्णिया में ट्रैक्टर की टक्कर से बड़ा हादसा : खेत से लौट रहे युवक की मौत, दूसरा गंभीर

न्यूज स्केल पूर्णिया



पूर्णिया जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। खेत से काम कर घर लौट रहे दो युवकों की बाइक को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जीएमसीएच पूर्णिया में चल रहा है।
जानकारी के अनुसार, यह हादसा पोठिया थाना क्षेत्र के लरेहिया गांव के समीप हुआ। मृतक की पहचान समेली गांव निवासी लखी मिस्त्री के पुत्र दिलखुश कुमार (24 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। दोनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र बताए जाते हैं और शुक्रवार को खेत का काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।
घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

## पुलिस केंद्र पूर्णिया में पुलिस सभा आयोजित, नवनियुक्त सिपाहियों की समस्याएं सुनी गईं

न्यूज स्केल पूर्णिया



पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देश पर पुलिस केंद्र, पूर्णिया में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पुलिस सभा का आयोजन किया गया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस सभा में विशेष रूप से नवनियुक्त सिपाहियों की समस्याओं, कार्यस्थल की चुनौतियों तथा प्रशिक्षण से जुड़ी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
सभा के दौरान सिपाहियों ने आवास, ड्यूटी रोस्टर, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक मुद्दों को उठाया। पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जवानों की समस्याओं का समय पर समाधान प्राथमिकता में है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और मनोबल में वृद्धि हो सके।
सूत्रों के अनुसार, पुलिस प्रशासन द्वारा नियमित रूप से इस प्रकार की सभाएं आयोजित कर कर्मियों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है, ताकि पुलिस व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बन सके।

# स्व-गणना को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित, स्वगणना को लेकर किया गया जगगरूक

न्यूज स्केल अमौर



अमौर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को भारत की जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजा राम पंडित ने की। इसमें मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पंच एवं वार्ड सदस्य सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।
**डिजिटल माध्यम से जनगणना की दी गई जानकारी:** बैठक के दौरान बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों को डिजिटल जनगणना की विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से मोबाइल ऐप और पोर्टल के जरिए की जा रही है। नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान ऑनलाइन स्व-गणना से संबंधित वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित किया गया।
**स्व-गणना की अवधि और प्रक्रिया स्पष्ट की गई:** बीडीओ ने बताया कि स्व-गणना 17 अप्रैल से 01 मई तक चलेगी। इसके बाद 2 मई से 31 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे। स्व-गणना करने के बाद प्रत्येक व्यक्ति को एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के सामने प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस दौरान लगभग 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान, पेयजल, बिजली और शौचालय संबंधी जानकारी शामिल है।

**पारदर्शिता और जनभागीदारी पर जोर:** बीडीओ राजा राम पंडित ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में स्व-गणना अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल जनगणना पारदर्शिता और सटीकता को सुनिश्चित करेगी तथा देश के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कसबा के मिल्लिया कॉन्वेंट स्कूल का शानदार रिजल्ट, 10वीं बोर्ड में छात्रों ने लहराया परचम

न्यूज स्केल पूर्णिया



**अंश वर्मा बने स्कूल टॉपर,जय राज आनंद सहित कई छात्रों ने 85% से अधिक अंक लाकर बढ़ाया विद्यालय का मान**

पूर्णियाँ जिले के कसबा स्थित मिल्लिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल, राधानगर ने CBSE कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार परिणाम हासिल कर शैक्षणिक गुणवत्ता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।
इस वर्ष अंश वर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जय राज आनंद ने 91.4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख सफल छात्रों में रोहन भारद्वाज (88.6%), अमन राजा (87.6%) और नैतिक कुमार (86.2%) शामिल हैं, जिन्होंने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।
विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। कुल 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। खास बात यह रही कि 2 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 6 विद्यार्थियों ने 85 से 90 प्रतिशत के बीच अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को सामूहिक सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय के प्राचार्य रागिब अनवर ने शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।
यह सफलता एक बार फिर मिल्लिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# किशनगंज में जनगणना-2027 की स्वगणना प्रक्रिया शुरू, 1 मई तक भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म

**न्यूज स्केल किशनगंज**



किशनगंज जिले में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के तहत स्व-गणना प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**स्व-गणना प्रक्रिया की अवधि और पोर्टल:** जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना कार्य 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक चलेगा। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in के माध्यम से अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर तथा वैकल्पिक ईमेल आईडी आवश्यक होगी।

**34 प्रश्नों का होगा उत्तर देना अनिवार्य:** रजिस्ट्रेशन के बाद नागरिकों को कुल 34 प्रश्नों का उत्तर भरना होगा। इसमें परिवार, आवास और अन्य आवश्यक विवरण शामिल रहेंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सभी जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज करें ताकि आंकड़े सटीक रहें।

**डीएम की अपील और महत्व** डीएम विशाल राज ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या का आंकड़ा नहीं, बल्कि विकास योजनाओं और संसाधनों के वितरण की आधारशिला है। उन्होंने अफवाहों से बचने और प्रक्रिया में सहयोग करने की भी अपील की।

**ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन:** जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्व-गणना फॉर्म भरने की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# किशनगंज में 8509 से अधिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध, घबराने की जरूरत नहीं : डीएम विशाल राज

**न्यूज स्केल किशनगंज**



जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। पर्याप्त स्टॉक और सुव्यवस्थित डिलीवरी प्रणाली के कारण आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।

**पर्याप्त स्टॉक से बनी राहत की स्थिति:** जिलाधिकारी विशाल राज ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में 8509 से अधिक एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं की मांग को समय पर पूरा किया जा सके और किसी प्रकार की किल्लत उत्पन्न न हो।

**बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित:** प्रशासन ने गैस वितरण को संतुलित बनाए रखने के लिए बुकिंग की समय-सीमा भी तय की है। शहरी उपभोक्ता 25 दिनों के बाद और ग्रामीण उपभोक्ता 45 दिनों के बाद ही पुनः गैस बुकिंग कर सकते हैं। इससे अनावश्यक जमाखोरी पर नियंत्रण रखने में मदद मिल रही है।

**निगरानी और शिकायत समाधान व्यवस्था सक्रिय** कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित हो रहा है। अब तक 32 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनके समाधान की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें।

**होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारू:** गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा पहले की तरह जारी है। उपभोक्ता घर बैठे ही गैस बुकिंग कर सकते हैं और 2 से 3 दिनों के भीतर उन्हें सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को एजेंसी तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

# दिनदहाड़े बाइक सवार युवक के गले से बदमाशों ने खींचा सोने का चेन



**फारबिसगंज,** (हि.स.)। फारबिसगंज राम मनोहर लोहिया पथ में डॉ हलधर प्रसाद के क्लिनिक के पास पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने बाइक पर सवार 52 वर्षीय दीपक कुमार शर्मा के गले से दो भरी के सोने का चेन खींच लिया। घटना सुबह करीबन साढ़े आठ बजे की है और छिनतई की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।मामले को लेकर हॉस्पिटल रोड वार्ड संख्या 7 के रहने वाले 52 वर्षीय दीपक कुमार शर्मा पिता स्व.बलिराम शर्मा ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया कि सुबह में वह अपने पुत्र के साथ फैंसी मार्केट से सब्जी की खरीददारी कर बाइक से घर लौट रहा था।उसका पुत्र बाइक चला रहा था,जबकि वह सब्जी की थैली को पकड़कर पीछे बैठा हुआ था इसी क्रम में राम मनोहर लोहिया पथ में डॉ हलधर प्रसाद के क्लिनिक में पल्सर बाइक तेजी से पीछे से उसके पास आया और उस पर पीछे बैठा बदमाश गले से झपट्टा मारकर दो भरी का सोने का चेन छीनकर सुभाष चौक की ओर भाग निकला।उन्होंने आवेदन में बदमाश के पीछा करने की भी बात कही है।बदमाश पल्सर बाइक पर सवार था और बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने हुए था,जबकि पीछे सवार बदमाश मास्क और तौलिया से अपना चेहरा ढंक रखा था।चेन छिनतई की घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है।मामले पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने आवेदन मिलने और जांच करने की बात कही।सीसीटीवी फुटेज के साथ जांच में तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेने की बात कही।

# मंडल कारा किशनगंज का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**न्यूज स्केल किशनगंज**



जिले के मंडल कारा किशनगंज का शुक्रवार की अहले सुबह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। सुरक्षा कारणों को लेकर किए गए इस निरीक्षण की शुरुआत सुबह करीब 4 बजे हुई, जो लगभग चार घंटे तक चली। इस दौरान जेल के सभी वार्डों, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम ने पुरुष एवं महिला वार्डों की तलाशी ली। साथ ही जेल परिसर के अस्पताल, साफ-सफाई व्यवस्था, बंदियों की क्षमता, मुलाकाती व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों की भी विस्तृत जांच की गई।

जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि मंडल कारा का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी बंदी के पास से आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि कारा प्रशासन को सुरक्षा और व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर के अंदर और बाहर की सुरक्षा व्यवस्था की भी गहन पड़ताल की गई। अधिकारियों ने बंदियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा जेल प्रशासन को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि इस औचक निरीक्षण की पूर्व सूचना जेल प्रशासन को नहीं थी। डीएम और एसपी अचानक सुबह मंडल कारा पहुंच गए, जिससे अधिकारियों में हलचल मच गई। निरीक्षण में एडीएम अमरेंद्र कुमार पंकज, एसडीएम अनिकेत कुमार, जेल अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# औद्योगिक थाना के नए भवन का उद्घाटन



**भागलपुर,** (हि.स.)।जिले के औद्योगिक थाना जीरो माइल के नए भवन का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। भागलपुर के आईजी विवेक कुमार ने फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया। उद्घाटन के साथ ही थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें आईजी सहित अन्य अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। नए भवन के निर्माण से थाना क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था और भी सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह नया भवन पुलिस कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएगा तथा आम लोगों को बेहतर सुरक्षा और सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई।

# बरारी गंगा घाट पर डूबने से छात्र की मौत




**भागलपुर,** (हि.स.) भागलपुर के बरारी गंगा घाट पर शुक्रवार को स्नान के दौरान डूबने से जगदीशपुर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्यन कुमार के रूप में हुई है, जो गणेश मंडल के पुत्र थे और महम्मदपुर फुलवरिया गांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि आर्यन कुमार अपने घर से बरारी घाट नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान वह अनजाने में गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों को जब तक घटना की जानकारी होती, तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आर्यन कुमार कक्षा 8 का छात्र था और पढ़ाई में भी अच्छा बताया जा रहा है। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएम और एसएसपी के नेतृत्व में जेल में हुई छापेमारी



**भागलपुर,** (हि.स.) जिले के शहीद जुब्बा सहनी केंद्रीय कारा भागलपुर सह महिला मंडल कारा में शुक्रवार तड़के सुबह जिला दण्डाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी सुधीर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, डीसीएलआर सदर अपेक्षा मोदी, नगर पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सहित कई पदाधिकारियों के द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान जेल के प्रत्येक सेल एवं बैरक की तलाशी ली गई। छापेमारी में कोई भी आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई। छापामारी का उद्देश्य जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों के वार्ड, और किसी भी प्रतिबंधित सामग्री की जांच करना था। उल्लेखनीय है कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद बिहार की जेलों में सुरक्षा कड़ी करने की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई है। छापामारी के दौरान अधिकारियों ने जेल प्रशासन को सुरक्षा में कोताही बरतने पर फटकार लगाई और जेल मैनुअल का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

# प्रजनन स्थल की ओर लौटने लगे प्रवासी पक्षियां



**भागलपुर,** (हि.स.) शरद ऋतु के जाते ही ग्रीष्म ऋतु ने शुरू हो गया है। भागलपुर जिले के नवगछिया इलाके के बिहपुर में स्थित गंगा दियारा के सोनवर्षा घटोरा वेटलैंड क्षेत्र में जैसे ही गर्मी की शुरुआत होती है, वैसे ही ठंडे प्रदेशों जैसे सेंट्रल एशिया और साइबेरियन क्षेत्र से आने वाले प्रवासी पक्षी वापस लौटने लगे हैं।

बिहार जलपक्षी गणना के अनुसार इस शरद ऋतु में घटोरा वेटलैंड में लगभग 12 हजार प्रवासी/विदेशी पक्षी आए थे। ये पक्षी सर्दियों में यहां अनुकूल जलवायु और भोजन की उपलब्धता के कारण आते हैं। तापमान बढ़ने पर ये अपने प्रजनन स्थलों की ओर लौट जाते हैं।

पर्यावरण और पक्षीविद दीपक कुमार 'झुन्नू' बताते हैं कि मुख्य प्रवासी पक्षियों में राजहंस, लालसर, तिदारी बत्तख, चैता, सिंकपर, कामन टील, कुशिया चाहा गडबाल और ग्रेलेग गूज शामिल हैं। ये सभी सर्दियों में जलाशयों और वेटलैंड में बड़ी संख्या में देखे जाते हैं। कुछ पक्षियों का रिटर्न माइग्रेशन थोड़ी देर से होता है, जैसे ब्लैक-टेल्ड गाडविट, स्पाटेड रेडशैंक और ग्रीनशैंक। ये पानी के किनारे रहने वाले पक्षी अभी कुछ समय तक यहां रुकते हैं क्योंकि दलदली क्षेत्रों में उन्हें पर्याप्त भोजन मिलता है।

झून्नु बताते हैं कि जैसे-जैसे ये शीतकालीन अतिथि/प्रवासी पक्षी लौटते हैं, वैसे-वैसे स्थानीय ग्रीष्मकालीन पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है। इस समय क्षेत्र में कोयल, पपीहा, व्हाइट-टेल्ड स्टोन चैट, वेडर समूह की पक्षियां, साथ ही विभिन्न मत्स्य भक्षी और कीटभक्षी पक्षी कलरव करने लगते हैं। दीपक कहते हैं कि घटोरा का पक्षी संसार मौसम के अनुसार बदलता रहता है। हर ऋतु में यह क्षेत्र नए आकर्षण और पक्षियों की विविधता पेश करता है, जिससे पर्यटक और पक्षी प्रेमी दोनों का मन मोह लिया जाता है।

# डीएम के जनता दरबार में 82 फरियादियों की सुनी गई फरियाद



**अररिया**(हि.स.)। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में शुक्रवार को डीएम विनोद दूहन के जनता दरबार में 82 फरियादियों की फरियाद सुनी गई।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

सुनवाई के दौरान बसंत लाल यादव ने नई बड़ी रेल लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजा राशि दिलाने का अनुरोध किया गया। मैमनू निशा ने विधवा पेंशन नहीं मिलने संबंधित शिकायत की गई। उमेश राय ने चालान एवं केवाला निबंधन पर रोक लगाने का अनुरोध किया।इसी क्रम में मो० नादिर अनवर ने स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर चयन नहीं किए जाने की शिकायत की गई, जबकि सूरज कुमार ने आर्थिक कमी के कारण आगे की पढ़ाई जारी रखने में मदद करने का अनुरोध किया गया।

मो. खालिद ने खतियानी जमीन पर अवैध दखल कब्जा हटाने की मांग रखी।इसके अलावा बीबी नरगिस ने गैस कनेक्शन से संबंधित समस्या रखते हुए बताया कि पासबुक होने के बावजूद उन्हें गैस नहीं मिला है। वहीं ओम प्रकाश पोद्दार ने मानिकपुर पंचायत में उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग की।जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में सुनवाई, डीएम ने दोनों पक्षों को साक्ष्य उपलब्ध कराने का निर्देश



**अररिया**(हि.स.)। पटना हाईकोर्ट द्वारा सीडब्लूजेसी संख्या-16146/2023 अमित आर्या पोद्दार एवं अन्य बनाम बिहार सरकार में पारित आदेश के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी विनोद दूहन ने अपने कार्यालय कक्ष में मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षकार उपस्थित हुए और उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को विस्तारपूर्वक और ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान संबंधित दस्तावेजों और विवाद के तथ्यों पर प्रारंभिक चर्चा भी की गई। सुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी ने दोनों पक्षकारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पक्ष से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित अभ्यावेदन तीन दिनों के भीतर कार्यालय में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि इससे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत तरीके से जांच और निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस दौरान जिला अवर निबंधन पदाधिकारी अररिया ने जानकारी दी कि यह मामला वर्ष 2023 में किए गए एक निबंधन (रजिस्ट्रेशन) से संबंधित है, जिसमें कुछ विवाद उत्पन्न हुआ है। सुनवाई के समय संबंधित पक्षकार भी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी-अपनी आपत्तियां एवं दावे प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी तथ्यों को रिकॉर्ड में लेते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मामले का निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे आवश्यक दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड को समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# सुपौल में जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारी शुरू, जिलाधिकारी ने किया स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ

**न्यूज स्केल, सुपौल**

▪ **ऑनलाइन 'सेल्फ एन्यूमरेशन' से जुड़ेगा हर नागरिक, आंकड़ों में पारदर्शिता और सटीकता पर जोर**

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर सुपौल जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी सुपौल सावन कुमार के द्वारा स्व-गणना ( Self Enumeration ) की प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल जनगणना को अधिक आधुनिक, सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सावन कुमार ने se.census.gov.in पोर्टल पर स्वयं अपना पंजीकरण कर स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत नागरिक अब अपने परिवार और घर से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।




जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल तकनीक के इस उपयोग से जनगणना प्रक्रिया में आम नागरिकों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी। पहले जहां गणनाकारों को घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करनी पड़ती थी, वहीं अब नागरिक खुद अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से आसानी से डेटा दर्ज कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया अधिक त्वरित और सुगम हो जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि स्व-गणना की सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी है जो तकनीक से परिचित हैं और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करना चाहते हैं। हालांकि, जिन लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कठिनाई होगी, उनके लिए पारंपरिक तरीके से भी गणना की व्यवस्था जारी रहेगी, ताकि कोई भी व्यक्ति इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वे अपने-अपने स्तर पर लोगों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी कार्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

जिलाधिकारी ने जिले के सभी पदाधिकारियों, कर्मियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करें और अपने परिवार की सही एवं पूर्ण जानकारी स्वयं दर्ज करें। उन्होंने यह भी कहा कि सही आंकड़े ही भविष्य की नीतियों और योजनाओं का आधार बनते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

ज्ञात हो कि जनगणना 2027 के तहत पहला चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना से संबंधित होगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक घर और उसके उपयोग से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत आंकड़े जुटाए जाएंगे।

इस पहल के साथ ही सुपौल जिला डिजिटल जनगणना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। प्रशासन को उम्मीद है कि लोगों के सहयोग से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होगी और जिले के सटीक आंकड़े देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

**01:** 2 चरणों में पूरी होगी जनगणना प्रक्रिया पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना
**02:** दूसरे चरण में जनसंख्या से जुड़े आंकड़े एकत्र होंगे
**03:** ऑनलाइन 'सेल्फ एन्यूमरेशन' से बढ़ेगी पारदर्शिता
**04:** ऑफलाइन व्यवस्था भी रहेगी जारी

# छातापुर मे शांति समिति की बैठक, सोशल मीडिया पर भड़काऊपोस्ट करने वालों पर पुलिस की भी नजर

**न्यूज स्केल,छातापुर**

▪ **त्रिवेणीगंज में उपद्रव और अग्निकांड पर प्रशासन सख्त, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

छातापुर थाना मे त्रिवेणीगंज एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बुधवार को हुए उपद्रव, बस अड्डा अग्निकांड और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान एसडीपीओ विभाष कुमार, बीडीओ डा राकेश गुप्ता, प्रभारी सीओ राकेश कुमार, थानाध्यक्ष प्रमोद झा समेत जनप्रतिनिधि, गणमान्य और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

बैठक में एसडीएम ने कहा कि बुधवार को उपद्रव कर रही भीड़ को नियंत्रित नहीं किया जा सका, जिससे प्रशासनिक क्षमता पर सवाल खड़े हुए हैं।



**01:** एसडीपीओ ने घटना को शर्मनाक और चिंताजनक बताते हुए कहा कि पुलिस के इकबाल पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्दोष लोगों को नहीं फंसाया जाएगा, लेकिन दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और लाइव करने वालों को भी कार्रवाई के दायरे में लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मामला गंभीर है और दोषियों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी रहेगा।

एसडीएम ने यह भी कहा कि घटना में नशे के आदी युवकों की संलिप्तता की सूचना मिली है। उन्होंने स्मैक कारोबार पर सख्ती बरतने और लगातार छापेमारी के लिए पुलिस को निर्देश दिया। दमकल व्यवस्था पर उन्होंने बताया कि त्रिवेणीगंज अनुमंडल में केवल तीन दमकल उपलब्ध हैं, ऐसे में दूरस्थ इलाकों में पहुंचने में समय लगना स्वाभाविक है।

बैठक में मौजूद शालीग्राम पांडेय, रघुनंदन पासवान, गौरीशंकर भगत, मकशुद मसन, प्रमोद कुमार यादव, इंद्रानंद पाठक, दीपक बख्शी समेत अन्य लोगों ने घटना पर चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई हो, लेकिन निर्दोषों को परेशान न किया जाए। लोगों ने क्षेत्र में बढ़ते स्मैक कारोबार को लूट, छिनतई और चोरी की घटनाओं का बड़ा कारण बताते हुए सप्लाई चेन ध्वस्त करने की मांग की।

बैठक में सुशील कर्ण, सुखदेव भगत, पवन हजारी, रामटहल भगत, अमरेंद्र नारायण सिंह, फेकनारायण मंडल, पंकज भगत, संतोष साह, मो. नुरुद्दीन, गुड्डू भगत, सरिता साह चौपाल और आफताब आलम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सुपौल में जिला जनता दरबार आयोजित, 32 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**न्यूज स्केल,सुपौल**

▪ **डीएम सावन कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ और पारदर्शी मंच प्रदान करना है।**

जिले की आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार की अध्यक्षता जिलाधिकारी सावन कुमार ने की जहां विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं।




जनता दरबार के दौरान कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित समस्याएं, पेयजल, बिजली, सड़क, राशन कार्ड, पेंशन तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े मुद्दे शामिल थे। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को तत्काल जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।डीएम सावन कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ और पारदर्शी मंच प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से किया जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा विकास कुमार कर्ण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों की प्राथमिक जांच कर आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखने के अवसर को सराहा। कई आवेदकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से उनकी शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंचती हैं और समाधान की उम्मीद बढ़ती है।

जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारी तेज, पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

## 17 अप्रैल से 1 मई तक 'सेल्फ सर्वे' की सुविधा, 2 मई से घर-घर पहुंचेगी टीमः

**न्यूज स्केल,प्रतापगंज,**

जनगणना 2027 को सफल और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधियों—मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंचों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सटीकता दोनों सुनिश्चित हो सके।



उन्होंने कहा कि पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए करीब 250 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में डेटा एंट्री, ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 17 अप्रैल से 1 मई तक 'सेल्फ सर्वे' की व्यवस्था की गई है। इसके तहत कोई भी नागरिक सीएमएमएस पोर्टल या विभागीय मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है।

**01:** प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सटीकता दोनों सुनिश्चित हो सके।

जानकारी दर्ज करने के बाद संबंधित व्यक्ति को 11 अंकों का एक यूनिक कोड प्रदान किया जाएगा, जिससे आगे की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

बीडीओ ने जानकारी दी कि सेल्फ सर्वे और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2 मई से प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर जनगणना कार्य शुरू करेंगे। जिन लोगों ने पहले ही सेल्फ सर्वे कर लिया होगा, वे अपना यूनिक कोड प्रगणक को उपलब्ध कराएंगे, जिससे सत्यापन की प्रक्रिया तेज और सरल हो सकेगी।

अंत में बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों, कर्मियों और मीडिया से अपील की कि वे इस डिजिटल पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी सुनिश्चित कर सकें और जनगणना कार्य को सफल बनाया जा सके।

# जन संवाद कार्यक्रम में एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**न्यूज स्केल, सुपौल।**

सुपौल पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के तहत आम जनता से सीधे संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।

साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया।

# डीडीसी ने किया अपना स्व-गणना पंजीकरण

**न्यूज स्केल, सुपौल।**

17 अप्रैल को उप विकास आयुक्त सह-वरीय नोडल जनगणना अधिकारी सारा अशरफ ने se.census.gov.in पोर्टल पर स्वयं अपना स्व-गणना (Self Enumeration) पंजीकरण किया।



उन्होंने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार एवं संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित होगी। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिकाधिक उपयोग कर जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# सुपौल में होमगार्ड संगठन चुनाव को लेकर गहमागहमी, 875 मतदाता करेंगे 17 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**न्यूज स्केल,सुपौल**

जिला मुख्यालय में शुक्रवार को होमगार्ड संगठन के चुनाव को लेकर पूरे दिन हलचल और उत्साह का माहौल बना रहा। संगठन के विभिन्न पदों के लिए हो रहे इस चुनाव में कुल 875 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, जबकि सात पदों के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी, जिससे पूरे परिसर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सक्रियता साफ नजर आई।



चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। मतदाताओं में भी अपने संगठन के बेहतर भविष्य को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

इस चुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर खासा मुकाबला देखने को मिल रहा है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तरुण कुमार भारती ने अपने चुनावी अभियान के दौरान संगठन को मजबूत और पारदर्शी बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें संगठन का नेतृत्व करने का अवसर मिलता है, तो उनकी पहली प्राथमिकता संगठन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सख्ती से अंकुश लगाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करते हुए संगठन को नई दिशा दी जाएगी।

तरुण कुमार भारती ने आगे कहा कि वह केवल वादों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि चुनाव जीतने के बाद ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश स्तर के संगठन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर होमगार्ड जवानों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के प्रत्येक सदस्य की आवाज को प्राथमिकता दी जाएगी और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा।

चुनाव में अन्य पदों के लिए भी उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं और संगठन के विकास को लेकर अलग-अलग वादे कर रहे हैं। इस वजह से चुनावी माहौल काफी रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बना हुआ है।

मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव परिणाम को लेकर उम्मीदवारों और समर्थकों में खासा उत्सुकता बनी हुई है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संगठन की कमान आखिर किसके हाथों में जाएगी।

कुल मिलाकर, सुपौल में होमगार्ड संगठन का यह चुनाव न केवल संगठन के भविष्य को तय करेगा, बल्कि यह भी निर्धारित करेगा कि आने वाले समय में संगठन किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

# मोतिहारी में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ, बैंकों को ऋण प्रक्रिया सरल बनाने के निर्देश

**न्यूज़ स्केल मोतिहारी**

17 अप्रैल 2026 को विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी के सभा भवन में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित कार्यक्रम एवं सोलर मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं आम उपभोक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**समीक्षात्मक बैठक में प्रगति पर चर्चा:** उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी



बैंकों के प्रबंधक, नोडल अधिकारी, योजना से जुड़े पंजीकृत वेंडर्स तथा विद्युत विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान योजना की वर्तमान प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

**क्रियान्वयन की चुनौतियों पर मंथन:** बैठक में योजना के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों एवं वेंडर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न समस्याओं को सामने रखा, जिनके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बैंकों और विभाग को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश;** जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बैंक ऋण से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देते हुए बैंकों को ऋण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित



**सोलर मेला का निरीक्षण और उपभोक्ताओं से संवाद:**
बैठक के बाद जिलाधिकारी ने आयोजित सोलर मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर सोलर संयंत्रों के लाभों की जानकारी ली। साथ ही उपभोक्ताओं से सीधा संवाद कर उनके अनुभव और सुझाव भी प्राप्त किए, जिससे योजना के प्रभावी संचालन में मदद मिल सके।

बनाने का निर्देश दिया। साथ ही विद्युत विभाग को 125 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने पर बल दिया गया।

# मोतिहारी में 'जनता के दरबार में जिला प्रशासन' कार्यक्रम, 39 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**न्यूज़ स्केल मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को आयोजित 'जनता के दरबार में जिला प्रशासन' कार्यक्रम के तहत कुल 39 आवेदनों की सुनवाई की गई। जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार एवं सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने विस्तार से विचार किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर सभी आवेदनों को सुना और संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के माध्यम से विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि शिकायतों का शीघ्र निष्पादन हो सके।

दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद और राजस्व विभाग से जुड़े मामले सामने आए। इन मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए आवेदन अग्रसारित कर दिए गए। साथ ही प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को भी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन की इस पहल से आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच मिल रहा है, जिससे शिकायतों के त्वरित निपटारे की उम्मीद बढ़ी है।

# जिला पदाधिकारी की जनसुनवाई में 50 मामलों की सुनवाई, कई का मौके पर निपटारा

**न्यूज़ स्केल बेतिया**

जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुल 50 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

**विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें आईं सामने** जनसुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे,



सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए।

**तत्काल कार्रवाई से मिली राहत:** कार्यक्रम के दौरान कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। साथ ही लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने का निर्देश भी दिया गया। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, रोचना माद्री, नगमा तबस्सुम, मो. अली अहमद, मासूम अंसारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

**"सबका सम्मान–जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजन:** यह जनसुनवाई कार्यक्रम सात निश्चय–3 के तहत चलाए जा रहे "सबका सम्मान–जीवन आसान" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं।

# जिला पदाधिकारी ने खुद किया ऑनलाइन पंजीकरण, लोगों से सहभागिता की अपील

**न्यूज़ स्केल नवादा**

नवादा समाहरणालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इस अभियान के तहत जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर इस पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया नागरिकों को अपनी जानकारी खुद दर्ज करने का अवसर देती है, जिससे डेटा अधिक सटीक और पारदर्शी बनता है।



**17 अप्रैल से 1 मई तक चलेगा अभियान:** जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि स्व-गणना अभियान 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में सभी नागरिकों को जनगणना पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करनी होगी। उन्होंने कहा कि समय रहते पंजीकरण करना जरूरी है, ताकि सभी का डेटा सही तरीके से संकलित हो सके।

**ऑनलाइन प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक:** स्व-गणना के लिए नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल या मोबाइल ऐप पर जाकर मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण करना होगा। इसके बाद OTP के माध्यम से लॉगिन कर परिवार के सभी सदस्यों का विवरण भरना है। जानकारी को अंतिम रूप से सबमिट करने से पहले उसकी जांच करना आवश्यक बताया गया है, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए।

**जनसहभागिता से ही सफल होगी जनगणना:** जिला पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा कि सटीक डेटा के आधार पर ही सरकार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सकती है। ऐसे में स्व-गणना अभियान को सफल बनाने में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# नवादा में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, पुलिस व न्यायिक अधिकारियों के साथ अहम बैठक




**न्यूज़ स्केल नवादा**

आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर नवादा जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में समाहरणालय परिसर स्थित व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी हॉल में जिले के थाना प्रभारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। थाना प्रभारियों को सख्त

**निर्देश, नोटिस तामिला पर जोर:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित बैठक में सभी थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत तामिला प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिन थानों में नोटिसों का तामिला कम पाया गया, वहां के थाना प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि अधिक से अधिक नोटिसों की तामिला कराई जाए और पंचायत व ग्राम स्तर पर पहल कर पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि लोक अदालत की सफलता काफी हद तक नोटिस तामिला पर निर्भर करती है।

**अधिकाधिक वादों के निष्पादन पर जोर:** बैठक में निर्देश दिया गया कि थानों में भेजे गए नोटिसों का अधिकतम तामिला कर संबंधित प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सके। इस दौरान नगर थाना, हिसुआ, रजौली, अकबरपुर, वारिसलीगंज सहित कई थानों के प्रभारी उपस्थित रहे।

**न्यायिक पदाधिकारियों के साथ भी हुई समीक्षा बैठक:** दूसरी ओर, न्यायिक पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की समीक्षा की गई। इसमें आपराधिक वाद, माप-तौल, श्रम, वन, वैवाहिक एवं मोटर वाहन दावा (एम.वी. क्लेम) मामलों पर विशेष चर्चा की गई। सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चिन्हित वादों में निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि समन्वित प्रयासों के जरिए इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का निष्पादन कर आम लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**प्री-सीटिंग व काउंसिलिंग से सुलह को बढ़ावा:**
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सुलहनीय मामलों में प्री-सीटिंग के माध्यम से काउंसिलिंग कर विवादों को आपसी सहमति से निपटाया जाए। जिन मामलों में पहले से सुलहनामा दाखिल है, उनमें त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**संवेदनशील साक्षियों को लेकर भी चर्चा:**
इसके अतिरिक्त, पटना उच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में 'संवेदनशील साक्षी' (Vulnerable Witness) से जुड़े मामलों पर भी विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक संवेदनशील एवं प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

# मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हत्याकांड का खुलासा, एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**सीवान,** (हि.स.)। सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि कांड के उद्भेदन के लिए गठित एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि 12/13 दिसंबर 2025 को सराय थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान बीएसएपी-2 के जवान मृत्युंजय कुमार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद मुफस्सिल थाना में मामला



दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। एसपी के अनुसार, इस मामले में पहले ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब एक और अभियुक्त सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने शराब तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जांच में यह भी सामने आया है कि उत्तर प्रदेश से अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी। गिरफ्तार चालक ने बताया कि वह रामायण चौधरी के वाहन से शराब की ढुलाई कर रहा था, जिसमें उसका पुत्र सोनू चौधरी भी शामिल था। पुलिस ने अभिमन्यु उर्फ मन्नू नोनिया यादव समेत अन्य लोगों की संलिप्तता भी चिन्हित की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। साथ ही पूरे तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नशा मुक्त अभियान के तहत 1218 लीटर विदेशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**सीवान,** (हि.स.)।
जिले में चल रहे "नशा मुक्त सीवान" अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी में 1218.24 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, साथ ही दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी राधेश्याम और रामनारायण उर्फ प्रद्युम्न कुमार के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि 16 अप्रैल




को मद्य निषेध विभाग, पटना से सूचना मिली थी कि अपराध मोड़ के पास एक पिकअप वाहन से शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही गोरेयाकोठी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पिकअप वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई और दोनों तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बरामद सामानों में वाहन और मोबाइल फोन भी शामिल हैं।

# दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से 9 लाख 47 हजार रुपये की लूट

**सीवान,** (हि.स.)।
जिले के लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के बसौली गांव के घाट पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे बाइक सवार स्टेट बैंक के सीएसपी लीडर गोबिंद कुमार से नीयन प्रिंस कुमार से हथियार के बल पर 9 लाख 47 हजार रुपये की लूट की।
पीड़ित गोबिंद कुमार ने बताया कि वे सुबह 8 बजे अपने नवीगंज स्थित घर से बाइक से बसौली बाजार स्थित अपनी सीएसपी दुकान पर जा रहे थे। बसौली बाजार पहुंचने से पहले ही दो बाइकों पर



सवार पांच लोगों ने उन्हें घेर लिया। एक बदमाश ने अपनी कनपटी पर पिस्तौल सटा दी और रुपये से भरा थैला, मोबाइल फोन और बाइक की चाभी छीन ली। आतंकवादी हथियार गिरते हुए बसौली बाजार की ओर बहरे हो गए।
गोविंद कुमार ने बताया कि सभी अपराधी चेहरे पर आ गए थे और उनकी उम्र कम रह गई थी। वे रोज़ की तरह घर से दुकान जा रहे थे।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।
पुलिस मामले की जांच कर रही है और ग्राहकों की तलाश जारी है।

# छपरा मंडल कारा में जिलाधिकारी व एसएसपी ने देर रात कि छापेमारी



**सारण,** (हि.स.)। छपरा मंडल कारा में शुक्रवार देर रात जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन छापेमारी की। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान जेल के सभी वार्डों और बैरकों की गहन तलाशी ली गई। अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न सेल में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। घंटों तक चली इस जांच में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। प्रशासन ने इसे जेल प्रबंधन की सतर्कता का परिणाम बताया। निरीक्षण के बाद डीएम ने साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार और सीसीटीवी निगरानी को 24 घंटे प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छापेमारी में कई वरीय अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे।

# US टैरिफ और ईरान संकट के बीच भारत की बड़ी छलांग, FY26 में निर्यात $860 अरब पार

दुनिया जब भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं से जूझ रही है—खासतौर पर अमेरिका के टैरिफ दबाव और ईरान से जुड़े संकट के कारण—ऐसे समय में भारत ने वैश्विक व्यापार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 860.09 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 825.26 अरब डॉलर के मुकाबले 4.22 फीसदी अधिक है। यह उपलब्धि इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि यह वृद्धि वैश्विक अस्थिरता के बीच हासिल हुई है। **नए बाजारों में भारत की मजबूत पकड़:** भारत ने इस दौरान पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम करते हुए नए देशों में अपनी पैठ बनाई। खासकर सिंगापुर, मलेशिया, चीन और तंजानिया जैसे देशों में भारतीय उत्पादों और सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ी है। इससे भारत को सप्लाई चेन के बदलाव का सीधा फायदा मिला। इन सेक्टरों ने दी गति मार्च 2026 के आंकड़े बताते हैं कि कृषि, खनिज, मैन्युफैक्चरिंग और समुद्री उत्पाद (सी-फूड) जैसे क्षेत्रों में निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासकर समुद्री उत्पादों और कृषि आधारित वस्तुओं की वैश्विक मांग ने भारत के निर्यात ग्राफ को ऊपर उठाया है। सर्विस सेक्टर बना गेमचेंजर भारत का सेवा क्षेत्र भी इस उपलब्धि का बड़ा आधार रहा। FY26 में सेवा निर्यात में 7.94 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। आईटी, फाइनेंस, कंसल्टिंग और डिजिटल सेवाओं में भारत की विशेषज्ञता ने उसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखा है। **आयात में गिरावट से मिला संतुलन:** जहां एक ओर निर्यात बढ़ा, वहीं आयात में भी गिरावट दर्ज की गई। खासकर पेट्रोलियम और कच्चे तेल के आयात में 35.91 फीसदी की कमी आई है। इससे व्यापार घाटा कम करने में मदद मिली और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव भी घटा। संकट में अवसर की रणनीति विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक तनाव के बीच भारत ने "चीन+1" रणनीति और सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशन का लाभ उठाया। टैरिफ बाधाओं से निपटने के लिए नीतिगत लचीलापन, नए व्यापार समझौते और अफ्रीका व दक्षिण-पूर्व एशिया पर फोकस—इन सभी ने मिलकर भारत को इस मुकाम तक पहुंचाया। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारत का यह प्रदर्शन न केवल उसकी आर्थिक मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि सही रणनीति और बाजार विविधीकरण के जरिए संकट को अवसर में बदला जा सकता है।



# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)नई दिल्ली, 17 अप्रैल (हि.स.)। घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमतों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि चांदी के भाव में हल्की गिरावट देखने को मिली। बाजार खुलते ही सोना 200 से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया, वहीं चांदी करीब 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हुई। **वैश्विक संकेतों का प्रभाव** अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। फिजिकल गोल्ड 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,809.16 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। चांदी भी 79.61 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजार में आई इस तेजी का असर घरेलू सर्राफा बाजार पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। **प्रमुख शहरों में सोने के दाम** देश के अधिकांश शहरों में 24 कैरेट सोना 1,55,580 रुपये से 1,56,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,610 रुपये से 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,55,730 रुपये और 22 कैरेट 1,42,760 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद और बेंगलुरु में भी लगभग इसी स्तर पर कीमतें बनी हुई हैं, जबकि चेन्नई में सोना अपेक्षाकृत महंगा है। **चांदी में हल्की गिरावट** चांदी की कीमतों में नरमी बनी हुई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 2,69,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, डॉलर की चाल और निवेशकों की मांग के आधार पर आने वाले दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।




**01: चांदी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 79.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार**

**02 : देश में 24 कैरेट सोना 1,55,580 से 1,56,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच**

**03 : 22 कैरेट सोना 1,42,610 से 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर**

# शुरुआती कमजोरी के बाद मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली,** (हि.स.)घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ। शुरुआती कमजोरी के बाद दिन चढ़ने के साथ बाजार में लिवाली बढ़ी, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। बीएसई एफएमसीजी इंडेक्स 2.57 प्रतिशत और कैपिटल गुड्स इंडेक्स 2.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। बैंकिंग, ऑटो, मेटल और रियल्टी सेक्टर में भी तेजी रही, जबकि आईटी शेयरों में दबाव बना रहा। बाजार की तेजी से निवेशकों की संपत्ति में करीब 4.79 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप 465.59 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स 504.86 अंक चढ़कर 78,493.54 पर और निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ। टॉप गेनर्स में हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल रहे, जबकि विप्रो और एचडीएफसी लाइफ में गिरावट दर्ज की गई।



# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में कमजोरी का रुख

**नई दिल्ली,** (हि.स.) वैश्विक शेयर बाजारों से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजारों में सीमित दायरे में खरीदारी जारी रही, जिससे प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजारों में मिश्रित रुख रहा, जबकि एशियाई बाजारों में आज अधिकांश सूचकांकों पर बिकवाली का दबाव देखा जा रहा है।

अमेरिका में एस एंड पी 500 0.26 प्रतिशत बढ़कर 7,041.28 अंक और नैस्डेक 0.36 प्रतिशत चढ़कर 24,102.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स 0.10 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 48,625.27 अंक पर कारोबार करता दिख रहा है। यूरोपीय बाजारों में एफटीएसई 0.29 प्रतिशत और डीएएक्स 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि सीएसी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ लाल निशान में रहा। एशियाई बाजारों की बात करें तो अधिकांश सूचकांक गिरावट में हैं। हैंग सेंग इंडेक्स में सबसे ज्यादा दबाव दिखा, जो 1.19 प्रतिशत टूटकर 26,085 अंक पर आ गया। निक्केई, कोस्पी और ताइवान वेटेड इंडेक्स भी गिरावट में कारोबार कर रहे हैं। हालांकि गिफ्ट निफ्टी और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में मामूली बढ़त देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर, वैश्विक संकेत मिश्रित हैं, जहां अमेरिका की मजबूती के बावजूद एशियाई बाजारों में सतर्कता और दबाव का माहौल बना हुआ है।



# गर्मी में मिलने वाला छोटा लाल फल : फालसा और इसके जबरदस्त फायदे

**नई दिल्ली,** (हि.स.) गर्मी के मौसम में मिलने वाला छोटा लेकिन बेहद गुणकारी फल फालसा सेहत के लिए किसी प्राकृतिक औषधि से कम नहीं है। लाल-बैंगनी रंग का यह खट्टा-मीठा फल शरीर को ठंडक प्रदान करता है और लू से बचाने में मदद करता है। फालसा में विटामिन A, कैल्शियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस और एंटीऑक्सिडेंट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इसका सेवन पेट दर्द, दस्त और पाचन संबंधी समस्याओं में राहत देता है। साथ ही, पेशाब में जलन या मूत्र संबंधी परेशानियों में भी यह लाभकारी माना जाता है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, फालसा ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकता है, इसलिए डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह उपयोगी है। गर्मी के दिनों में फालसे का शरबत पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और ताजगी बनी रहती है। सीमित मात्रा में नियमित सेवन से यह शरीर को स्वस्थ, ऊर्जावान और संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।



# राशिफल : 18 अप्रैल, 2026

मेष- योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

वृष - व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

मिथुन - लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

कर्क - सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

सिंह - अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

कन्या - आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

तुला - कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक - नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

धनु - कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

मकर - भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

कुम्भ - जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

मीन- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# पंचांग : 18 अप्रैल, 2026

18 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मेष में
चंद्र मेष में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 05.25 बजे से
वृष 07.09 बजे से
मिथुन 09.07 बजे से
कर्क 11.21 बजे से
सिंह 13.37 बजे से
कन्या 15.49 बजे से
तुला 17.59 बजे से
वृश्चिक 20.14 बजे से
धनु 22.30 बजे से
मकर 00.35 बजे से
कुंभ 02.22 बजे से
मीन 03.55 बजे से
शनिवार 2026 वर्ष का 108वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख पक्ष शुक्ल
तिथि प्रतिपदा 14.11 बजे को समाप्त
नक्षत्र अश्विनी 09.43 बजे को समाप्त।
योग प्रीति 23.56 बजे को समाप्त।
करण बव 14.11 बजे तदनन्तर बालव 00.31 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 0.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 100 45
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872683
जूलियन दिन 2461148.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल
तारीख 29
विशेष चन्द्रदर्शन, पराशर ऋषि जयंती।

# लोकसभा में राहुल गांधी के बयान पर हंगामा, सत्ता–विपक्ष आमने-सामने

**नई दिल्ली**, ।संसद के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को लोकसभा में उस समय तीखा हंगामा देखने को मिला जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री के संदर्भ में एक विवादित शब्द का इस्तेमाल कर दिया। इस टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिससे सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए बाधित हो गई।

**अध्यक्ष की सख्त टिप्पणी**
हंगामे के बीच ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुए सभी सदस्यों से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा बनाए रखना हर सदस्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मंचों पर कही गई बातों को उसी रूप में सदन में दोहराना उचित नहीं है।

**सरकार का रुख**: संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी राहुल गांधी की टिप्पणी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान करना 140 करोड़

**सत्ता पक्ष का तीखा विरोध**: केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के बयान को "बेहद दुर्भाग्यपूर्ण" करार देते हुए कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत प्रधानमंत्री को चुना है, ऐसे में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग संसदीय परंपराओं के खिलाफ है।
उन्होंने मांग की कि विवादित शब्दों को कार्यवाही से हटाया जाए और राहुल गांधी देश से सार्वजनिक माफी मांगें।

देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी करने का आरोप लगाया।\

**राहुल गांधी का बचाव**: विवाद बढ़ने पर राहुल गांधी ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं, बल्कि मुद्दों पर सच्चाई को सामने लाना है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि



वह लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रभावित कर रही है और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

**लगातार हंगामे से कार्यवाही प्रभावित**: सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के कारण सदन में बार-बार व्यवधान उत्पन्न हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अध्यक्ष को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा। अंततः हंगामे के चलते कार्यवाही को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा।

राजनीतिक असर
इस पूरे घटनाक्रम ने संसद के भीतर राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। जहां सत्ता पक्ष इसे विपक्ष की गैर-जिम्मेदाराना राजनीति बता रहा है, वहीं विपक्ष सरकार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप लगा रहा है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह राजनीतिक बयानबाजी तेज होने की संभावना है।

# केंद्र से पंजाब, चंडीगढ़ के किसानों को मिली राहत, प्रभावित गेहूं की खरीद नियमों में छूट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार के अनुरोध पर गेहूं खरीद के नियमों में तत्काल प्रभाव से छूट देने की मंजूरी दे दी है, जिससे बेमौसम वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित पंजाब और चंडीगढ़ के किसानों के लिए बड़ी राहत है। ये छूट रबी विपणन सत्र (आरएमएस) 2026–27 की शुरुआत से लागू होगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को बताया कि 9 अप्रैल को पंजाब सरकार की ओर से प्राप्त अनुरोध के



बाद 10 अप्रैल को सभी जिलों में स्थिति का जायजा लेने के लिए टीमें भेजी गईं। जमीनी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने किसानों की मुश्किलों को कम करने और मजबूरी में बिक्री को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। पंजाब सरकार के आधिकारिक पत्र के अनुसार सरकार की ओर से दी गई छूट

बारिश के कारण चमक खो चुके गेहूं की खरीद सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया, सिकुड़े और टूटे दानें की पहले सीमा 6 प्रतिशत थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई, क्षतिग्रस्त और हल्के क्षतिग्रस्त दानों की कुल मात्रा 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

छूट मानदंडों के तहत खरीदे गए गेहूं का अलग से भंडारण किया जाएगा और उसका हिसाब भी अलग रखा जाएगा। इस गेहूं के बिक्री को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। पंजाब सरकार ने यह भी निर्देश दिया कि भंडारण के दौरान गुणवत्ता में होने वाली किसी भी गिरावट और इस छूट से पड़ने वाले वित्तीय प्रभाव की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र के इस फैसले से अब मंडियों में गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित हो सकेगी।----------

# विधेयक पारित नहीं होने पर घट जाएगा दक्षिण राज्यों का प्रतिनिधित्व : निशिकांत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यदि यह विधेयक पारित नहीं होता है तो दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। झारखंड के गोड्डा से सांसद दुबे ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने



का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम पहले ही सर्वसम्मति से पारित हो चुका है, और इसके लागू होने पर सीटों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिसीमन के बाद कुछ राज्यों की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, जबकि कुछ की घट सकती हैं। दुबे के अनुसार, यदि नया विधेयक पारित नहीं होता है, तो उत्तर प्रदेश की सीटें बढ़कर 87 तक पहुंच सकती हैं, जबकि तमिलनाडु की सीटें घटकर 29 रह सकती हैं। दुबे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज पार्टी ओबीसी आरक्षण की बात कर रही है, लेकिन पूर्व में सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना कराने से इनकार किया था।

# कर्नाटक में सड़क हादसा, कार सवार परिवार के 6 छह सदस्यों की मौत, दो मासूम गंभीर

**यादगिरि (कर्नाटक),** (हि.स.)। कर्नाटक के यादगिरि जिले के सुरपुर तालुक के देवापुर के पास कार और निजी बस के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार यादगिरि से रायचूर और कार और बेंगलुरु से कलबुर्गी जा रही थी। टक्कर के बाद कार और बस दोनों में आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। मृतकों की पहचान रायचूर जिले के सिरवार कस्बे के निवासी काउंसलर कृष्णा नायक (50), उनकी पत्नी अनंत कला (45), शरणप्पा (36), उनकी पत्नी निसर्गा (30), पुत्र सिद्धार्थ (3) और शशिकला (30) के रूप में हुई है। यह सभी कार सवार हैं। बताया जा रहा है कि अमावस्या के अवसर पर वेणुगोपाल मंदिर



के दर्शन कर लौटते समय यह हादसा हुआ। इस हादसे में कार सवार अथ्विक (5) और एक वर्षीय श्रीनिधि चमत्कारिक रूप से बच गए। दोनों की हालत गंभीर है।उन्हें यादगिरि के यिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यादगिरि के पुलिस अधीक्षक पृथ्विक शंकर ने बताया कि कार में एक ही परिवार के आठ लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए। कार के ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद बस कार को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इस संबंध में सुरपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# संभल में सरकारी जमीन पर बनी अवैध मस्जिद और 35 फीट ऊंची मीनार गिराई गई

**संभल**(हि.स.)। संभल के असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात कर



मस्जिद समेत अन्य ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए करीब 50 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

**600 वर्गमीटर जमीन कराई गई खाली**: जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया के अनुसार, यह 600 वर्गमीटर सरकारी जमीन खेल मैदान और खाद गड्ढे के लिए निर्धारित थी। इस पर पिछले

**सुबह से दोपहर तक चला ध्वस्तीकरण अभियान**
सुबह करीब 9 बजे सरकारी अमला जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा। सबसे पहले सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर बनी पांच दुकानों को गिराया गया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और उसकी 35 फीट ऊंची मीनार को भी ढहा दिया गया।

करीब 15 वर्षों से अवैध कब्जा था। ग्राम प्रधान की शिकायत पर धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर सुनवाई की गई और नियमानुसार कार्रवाई के बाद कब्जा हटाया गया।
पहले भी टली थी कार्रवाई, अब पूरा हुआ अभियान
उल्लेखनीय है कि 5 अप्रैल को ही इस कार्रवाई की योजना बनाई गई थी, लेकिन मीनार गिराने में जोखिम के कारण बुलडोजर चालक ने मना कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने नई कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से अवैध निर्माण हटाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में सरकारी भूमि को मुक्त कर लैंड बैंक बनाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# फर्जी नाम व आधार से साधु के भेष में निवासरत बांग्लादेशी गिरफ्तार



**पौड़ी गढ़वाल**, (हि.स.)। ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली और अभिसूचना इकाई लक्ष्मणझूला द्वारा रामझूला क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। चेकिंग के दौरान उसके जवाब विरोधाभासी पाए गए, जिससे संदेह गहरा गया।

**फर्जी पहचान से वर्षों से रह रहा था**: गहन पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनीउर रहमान उर्फ सत्यसाधू (39) निवासी फरीदपुर, बांग्लादेश बताया। जांच में खुलासा हुआ कि वह वर्ष 2016 से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। उसने अपनी पहचान छुपाने के लिए 'सत्यनिष्ठ आर्य' नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवा रखा था।

**पासपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद**: पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2018 में समाप्त वैधता वाला बांग्लादेशी पासपोर्ट, फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन और टैबलेट बरामद किया। एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि आरोपी के अन्य संपर्कों और गतिविधियों की जांच की जा रही है तथा उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मप्र के श्योपुर जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चार महिलाओं की मौत, 26 लोग घायल

**श्योपुर,** (हि.स.)। श्योपुर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस दुर्घटना में चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

**कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे श्रद्धालु**: पुलिस के अनुसार, वीरपुर के घुघस गांव से गुर्जर समाज के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पार्वती बड़ौदा में आयोजित भात मांगने के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। वाहन में बड़ी संख्या में महिलाएं,



पुरुष और बच्चे सवार थे।

**कैसे हुआ हादसा**
**गुरुवार रात करीब साढ़े आठ** बजे खितरपाल गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग मदद के लिए चीख-पुकार करने लगे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

**राहत-बचाव और प्रशासन की कार्रवाई**: सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का जायजा लिया।

**मृतकों की पहचान और स्थिति**
एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मृतकों की पहचान सरोज गुर्जर, सुनैना गुर्जर, सीमा गुर्जर और गीता राव के रूप में हुई है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# असम के चिरांग जिले के रुनीखाता फॉरेस्ट रेंज कार्यालय में आगजनी



**चिरांग (असम),** (हि.स.)। जिले के रुनीखाता फॉरेस्ट रेंज कार्यालय में शुक्रवार को हालात उस समय बेकाबू हो गए, जब अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के खिलाफ स्थानीय लोगों का प्रदर्शन हिंसक रूप ले बैठा। गुस्साई भीड़ ने वन विभाग के वाहनों और कार्यालय परिसर में आग लगा दी, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, वन विभाग और पुलिस ने गुरुवार को वन भूमि पर अतिक्रमण के आरोप में 25 आदिवासी लोगों को हिरासत में लिया था। सभी को रुनीखाता फॉरेस्ट रेंज कार्यालय में रखा गया था। इसी के विरोध में शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे और कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन जल्द ही उग्र हो गया और भीड़ ने आगजनी की घटना को अंजाम दे दिया। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर पहुंची पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी। घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# (लीड) इजराइल और ईरान समर्थक लेबनान के आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह के बीच 10 दिन का संघर्ष विराम



वाशिंगटन/बेरूत/तेल अवीव, (हि.स.) इजराइल और लेबनान के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष के बीच 10 दिन के संघर्ष विराम (सीजफायर) पर सहमति बन गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस समझौते को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि दोनों देशों ने पूर्व समयानुसार शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति दी है। उन्होंने इसे क्षेत्रीय शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को निर्देश दिया है कि वे ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन के साथ मिलकर काम करें, ताकि इस संघर्ष विराम को स्थायी शांति में बदला जा सके। साथ ही दोनों देशों के नेताओं को व्हाइट हाउस में बातचीत के लिए आमंत्रित करने की योजना भी बताई गई है।

यह संघर्ष इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव का हिस्सा है, जिसमें लेबनान में ईरान समर्थित समूहों की भूमिका अहम मानी जाती है।

लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह समझौता क्षेत्रीय शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। राष्ट्रपति जोसेफ औन ने अमेरिका का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम कूटनीतिक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट को बताया कि यह निर्णय अमेरिकी मध्यस्थता और समर्थन के बाद लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघर्ष विराम के दौरान रणनीतिक क्षेत्रों में इजराइली सेना की तैनाती जारी रहेगी।

इजराइल के विपक्षी नेता यायर लापिड ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे अधूरा कदम बताया है।

## अमेरिका में वर्जीनिया के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर ने यौन उत्पीड़न आरोपों के बाद पत्नी संग आत्महत्या की





**रिचमंड(वर्जीनिया),(हि.स.)।** अमेरिका के वर्जीनिया के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर जस्टिन फेयरफैक्स से जुड़ा एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें यौन उत्पीड़न के आरोपों और पारिवारिक विवाद के बाद उनकी पत्नी सेरिना फेयरफैक्स की हत्या और फिर उनकी अपनी आत्महत्या की घटना हुई।

पुलिस के अनुसार, यह घटना आधी रात को एनांडेल स्थित घर में हुई, जहां दंपति के दो किशोर बच्चे भी मौजूद थे। बेटे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को दोनों के रक्तरंजित शव मिले।

जांच में सामने आया कि फेयरफैक्स लंबे समय से कानूनी लड़ाई, तलाक की प्रक्रिया और शराब की लत जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, तलाक की अर्जी जुलाई 2025 में दाखिल की गई थी और दोनों अलग-अलग कमरों में रह रहे थे।

रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि उन पर दो महिलाओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, जिन्हें उन्होंने खारिज किया था। इसके साथ ही अदालत ने उनके व्यवहार, शराब सेवन और मानसिक स्थिति पर भी टिप्पणी की थी।

## खुशखबरी : स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह खुला, ईरान विदेश मंत्री ने शर्त बताई



**ईरान (हि.स.)** मध्य-पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान से राहत भरी खबर सामने आई है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने जानकारी दी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोल दिया गया है। अब किसी भी देश के व्यापारिक जहाज को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने से नहीं रोका जाएगा। यह फैसला लेबनान में लागू सीजफायर की अवधि के अनुरूप लिया गया है।

विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सीजफायर के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खुला रहेगा। हालांकि, सभी जहाजों को ईरान के पोर्ट और मैरीटाइम संगठन द्वारा निर्धारित समन्वित समुद्री मार्ग का पालन करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समुद्री यातायात पर ईरान की निगरानी और नियंत्रण जारी रहेगा।

गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और गैस का परिवहन होता है। इसके खुलने से वैश्विक बाजार में स्थिरता आने की संभावना है।

## अदालत के अवमानना मामले में नेपाल के प्रधानमंत्री शाह को उपस्थिति से छूट मिली



**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह को अदालत की अवमानना से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ी राहत देते हुए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी है। न्यायाधीश हरि फुयाल और शान्ति सिंह थापा की पीठ ने आदेश दिया कि अब इस मामले की अगली सुनवाई में प्रधानमंत्री की जगह उनका अधिकृत प्रतिनिधि भी अदालत में उपस्थित होकर तारीख ले सकता है।

इससे पहले अदालत ने प्रतिनिधि भेजने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण बालेन्द्र शाह को हर सुनवाई में स्वयं अदालत में उपस्थित होना पड़ रहा था। अब नए आदेश के बाद यह बाध्यता समाप्त हो गई है और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में अपेक्षाकृत अधिक सुविधा मिल गई है।

यह पूरा मामला उस समय से जुड़ा है जब बालेन्द्र शाह काठमांडू महानगरपालिका के मेयर थे। उस दौरान उन्होंने हिंदी फिल्म आदिपुरुष के एक संवाद "जानकी भारत की बेटी हैं" को हटाए बिना फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की घोषणा की थी। इस फैसले के बाद नेपाल चलचित्र संघ ने पाटन उच्च अदालत में रिट याचिका दायर की थी।

याचिका में काठमांडू महानगरपालिका, सिटी पुलिस, गृह मंत्रालय और संचार एवं सूचना मंत्रालय को विपक्षी पक्ष बनाया गया था। पाटन उच्च अदालत ने बाद में अंतरिम आदेश जारी करते हुए महानगर के निर्णय पर रोक लगाई और काठमांडू में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन की अनुमति दे दी थी।

इसी आदेश के बाद विवाद और गहरा गया, क्योंकि उसी दिन बालेन्द्र शाह ने सोशल मीडिया पर संघीय सरकार और अदालत के खिलाफ टिप्पणी की थी और अदालत के आदेश को न मानने की बात कही थी। इन्हीं टिप्पणियों और घटनाक्रम के आधार पर यह मामला अदालत की अवमानना से जुड़ गया।

अब सर्वोच्च न्यायालय के ताजा आदेश के बाद सुनवाई प्रक्रिया में बदलाव हुआ है और प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थिति की सुविधा मिलने से मामले की कार्यवाही अधिक व्यावहारिक और सरल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## केपी शर्मा ओली से पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड ने अस्पताल में मुलाकात की



**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल में वामपंथी दलों के बीच संभावित एकता को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के संयोजक पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड की अस्पताल में हुई मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में नए समीकरणों की अटकलें लगाई जा रही हैं।

काठमांडू स्थित शिक्षण अस्पताल में भर्ती ओली से प्रचण्ड ने मुलाकात की। ओली को हाल ही में आईसीयू से सामान्य वार्ड में स्थानांतरित किया गया है, जिसके बाद उनकी सेहत में सुधार बताया जा रहा है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई।

मुलाकात के बाद प्रचण्ड ने मीडिया को बताया कि चर्चा का मुख्य विषय भविष्य की राजनीतिक दिशा और वामपंथी दलों की संभावित एकता था। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों के बाद राजनीति को नए तरीके से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर पहले भी बातचीत हुई थी और आज भी उसी दिशा में विचार-विमर्श हुआ।

प्रचण्ड ने यह भी कहा कि सभी वामपंथी दलों को एकजुट होकर देश की राजनीति को मजबूत दिशा देने की जरूरत है।

## इमरान खान के बाद बुशरा बीबी की आंख सर्जरी, रोशनी घटी



**इस्लामाबाद (हि.स.)** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बाद उनकी पत्नी बुशरा बीबी की भी आंखों की गंभीर समस्या सामने आई है। उनकी दाईं आंख की रोशनी अचानक कम होने के बाद उन्हें रावलपिंडी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई। डॉक्टरों ने जांच में रेटिना डिटैचमेंट की पुष्टि की। इसके अलावा उन्हें पोस्टेरियर विट्रियस डिटैचमेंट, मायोपिया और एस्टिग्मैटिज्म जैसी समस्याएं भी पाई गईं।

सर्जरी के बाद उन्हें एक रात अस्पताल में रखा गया और फिर वापस अदियाला जेल भेज दिया गया। वह अल-कादिर ट्रस्ट मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।

## ट्रेड यूनियनों की नेपाल सरकार को चेतावनी, मजदूरों के अधिकार न छीनने के दिए सुझाव



**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल की ट्रेड यूनियनों ने सरकार को अपने ट्रेड यूनियन अधिकारों को न छीनने की चेतावनी दी है। साथ ही, संघीय सिविल सेवा कानून में किन-किन विषयों को शामिल किया जाना चाहिए, इस बारे में भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियनों पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंध और हस्तक्षेप को बंद करने की मांग की है।

दरअसल, मंत्रिपरिषद ने राजनीतिक दलों से आबद्ध ट्रेड यूनियन को खारिज किए जाने के आदेश दिए थे, लेकिन इस फैसले के तीन सप्ताह बाद भी राजनीतिक दलों से जुड़े कर्मचारी ट्रेड यूनियन भंग नहीं किए गए हैं। उल्टे, वे संगठित रूप में सरकार के सामने अपनी मांगों के साथ उपस्थित हुए हैं।

नेपाली कांग्रेस से संबद्ध नेपाल निजामती कर्मचारी यूनियन, यूएमएल से संबद्ध नेपाल निजामती कर्मचारी संगठन, माओवादी से संबद्ध नेपाल राष्ट्रीय निजामती कर्मचारी संगठन, तत्कालीन एकीकृत समाजवादी से संबद्ध एकीकृत सरकारी कर्मचारी संगठन मधेशी दलों से निकट मधेशी निजामती संगठन तथा एक स्वतंत्र संगठन सहित कुल 6 संगठनों ने शुक्रवार को संघीय मामिला तथा सामान्य प्रशासन मंत्रालय के सचिव के समक्ष अपनी मांगें प्रस्तुत कीं।

उनकी मांग है कि मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के समझौतों के अनुरूप ट्रेड यूनियन अधिकारों का पूर्ण रूप से कार्यान्वयन किया जाए। संयुक्त मांगपत्र में कहा गया है कि नेपाल के संविधान की धारा 17(2)(घ) के अनुसार संघ-संगठन बनाने की स्वतंत्रता का पालन किया जाए। संविधान की धारा 34 में वर्णित श्रम संबंधी अधिकारों को लागू किया जाए। ट्रेड यूनियनों पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंध और हस्तक्षेप को समाप्त किया जाए।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने बस पर हमला कर छात्रों का अपहरण किया



**नाइजीरिया (हि.स.)** नाइजीरिया के बेन्यू राज्य में बंदूकधारियों ने एक यात्री बस पर हमला कर यूनिवर्सिटी की परीक्षा देने जा रहे छात्रों सहित कई लोगों का अपहरण कर लिया। बताया गया है कि घटना ओटुकपो-माकुर्डी हाईवे पर हुई, जहां बस में लगभग 14 यात्री सवार थे। गवर्नर हायसिंथ आलिया ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कृत्य पूरी तरह अमानवीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि सभी अपहृत लोगों को सुरक्षित वापस लाया जा सके। अब तक किसी भी समूह ने इस अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना के बाद गवर्नर ने लोगों से शांति बनाए रखने और सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग करने की अपील की है।

# आईएसएल 2025-26 : फारुख चौधरी के शुरुआती गोल से चेन्नईयिन एफसी ने दर्ज की दूसरी जीत




**चेन्नई, (हि.स.)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 में चेन्नईयिन एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली को 1-0 से हराकर सीजन की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में फारुख चौधरी का शुरुआती गोल निर्णायक साबित हुआ।मैच का एकमात्र गोल 11वें मिनट में आया, जब अल्बर्टो नोगुएरा ने सटीक थ्रू बॉल देकर फारुख चौधरी को मौका दिया। फारुख ने शानदार लेफ्ट फुट शॉट लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचा दिया, जिसे रोकना गोलकीपर नोरा फर्नांडिज के लिए नामुमकिन रहा।इस जीत के साथ चेन्नईयिन एफसी आठ मैचों में आठ अंक लेकर अंक तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली समान अंकों के साथ नौवें स्थान पर बनी हुई है। फारुख चौधरी को उनके मैच विजेता गोल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा ने पिछले मैच की तुलना में टीम में तीन बदलाव किए। अंकित मुखर्जी, मोहम्मद अली बेमामर और डेनियल चीमा चुक्वू को शुरुआती एकादश में शामिल किया गया। टीम ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए शुरुआत से ही दबाव बनाया।दूसरी ओर, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के कोच टोमाश पावेल टखोर्ज ने एक बदलाव करते हुए मटिजा बाबोविच को टीम में शामिल किया। डिफेंस में एलेक्स साजी ने मजबूती से खेलते हुए कई अहम मौके रोके।पहले हाफ में चेन्नईयिन का दबदबा रहा, जबकि दिल्ली की टीम मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करती रही। 42वें मिनट में चीमा चुक्वू के गोल करने का सुनहरा मौका एलेक्स साजी के बेहतरीन ब्लॉक से टल गया।दूसरे हाफ में दिल्ली ने वापसी की कोशिश की। 51वें मिनट में साजी का हेडर गोलकीपर मोहम्मद नवाज ने रोक लिया। 55वें मिनट में साजी ने शानदार टैकल कर फारुख को दूसरा गोल करने से रोका।मैच के अंतिम समय में दिल्ली ने बराबरी के लिए जोर लगाया। 80वें मिनट में फाने के पास अच्छा मौका था, लेकिन वह उसे भुना नहीं सके। इंजरी टाइम में भी सब्स्टीट्यूट सौरव का शॉट पोस्ट के पास से बाहर चला गया।आखिरकार चेन्नईयिन एफसी ने मजबूत डिफेंस के दम पर 1-0 की बढ़त बनाए रखी और घरेलू दर्शकों के सामने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।---------------

# आरसीबी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ग्रीन जर्सी पहनेगी



**बेंगलुरु, (हि.स.)**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपनी खास 'ग्रीन जर्सी' में मैदान पर उतरेगी। यह पहल फ्रेंचाइजी के पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति समर्पण को दर्शाती है।
रीसाइकिल्ड सामग्री से बनी यह जर्सी आरसीबी की 'ग्रीन इनिशिएटिव' का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2011 में की गई थी। आरसीबी दुनिया की एकमात्र कार्बन-न्यूट्रल टी20 फ्रेंचाइजी के रूप में पहचान रखती है और अब कार्बन-पॉजिटिव बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है।
फ्रेंचाइजी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा कि कार्बन-न्यूट्रल दर्जा हासिल करना वर्षों की मेहनत का परिणाम है और ग्रीन जर्सी इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल प्रशंसकों और साझेदारों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएगी।
आरसीबी मैचों के दौरान दर्शकों के व्यवहार का भी अध्ययन कर रही है, जिसमें यात्रा पैटर्न और राइड-शेयरिंग के उपयोग का आकलन शामिल है। स्टेडियम में कचरा प्रबंधन, सौर ऊर्जा उपयोग और ऊर्जा बचत जैसे उपायों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही टीम यात्रा, आवास और ऊर्जा खपत से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट का भी आकलन किया जा रहा है, जिससे पूरे सीजन के लिए सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# स्टटगार्ट ओपन 2026 : रयबाकिना और गॉफ क्वार्टरफाइनल में, मुचोवा भी आगे बढ़ीं



**स्टटगार्ट, (हि.स.)**
जर्मनी में खेले जा रहे स्टटगार्ट ओपन 2026 में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना और मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।
शीर्ष वरीय कजाखिस्तान की एलेना रयबाकिना ने रूस की डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। 26 वर्षीय रयबाकिना ने अपने मजबूत सर्विस गेम के दम पर 1 घंटे 12 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया।
दूसरे सेट में श्नाइडर ने बेहतर खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर की गई डबल फॉल्ट्स ने उन्हें पीछे कर दिया, जिसका फायदा रयबाकिना ने उठाया। उन्होंने मैच का अंत अपने नौवें ऐस के साथ किया। अब क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज या जेनेप सोनमेज में से किसी एक से होगा।
दूसरी ओर, दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की कोको गॉफ ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा।
गॉफ ने कहा कि उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपने खेल को 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन राफेल नडाल से प्रेरित किया है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "क्ले कोर्ट के सबसे महान खिलाड़ी राफा हैं। मैं पूरी तरह उनकी तरह नहीं खेलती, लेकिन उनकी तरह फोरहैंड मारने की कोशिश करती हूं।"
इससे पहले, कैरोलिना मुचोवा ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एलिस मर्टेंस को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

# आईपीएल 2026 में विराट शीर्ष, प्रभसिमरन और अय्यर की चुनौती मजबूत



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस लगातार रोमांचक होती जा रही है। मैच नंबर 24 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को एकतरफा अंदाज में हराया, जिसके बाद व्यक्तिगत प्रदर्शन की दौड़ में भी हलचल तेज हो गई है।
ऑरेंज कैप की दौड़
ऑरेंज कैप की सूची में विराट कोहली अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर तेजी से उन्हें चुनौती दे रहे हैं।
मुंबई के खिलाफ प्रभसिमरन ने 39 गेंदों में नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाए। इस प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन 211 रन के साथ पांचवें और अय्यर 203 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।
सूची में कोहली के बाद हेनरिक क्लासेन, रजत पाटीदार और ईशान किशन का स्थान है। वहीं वैभव सूर्यवंशी शून्य पर आउट होने के बाद सातवें स्थान पर खिसक गए हैं।
पर्पल कैप की रेस
पर्पल कैप में प्रसिद्ध कृष्णा और अंशुल कंबोज 10-10 विकेट लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उनके पीछे प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई 9-9 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।
इसके अलावा जॉफ्रा आर्चर, भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या भी इस दौड़ में शामिल हैं। वहीं शार्दुल ठाकुर ने 6 विकेट के साथ टॉप-10 में एंट्री कर ली है।
आगामी मैचों के साथ यह प्रतिस्पर्धा और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# कर्नाटक ने पंजाब को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।**
अस्मिता राष्ट्रीय फुटबॉल लीग 2025-26 के अंडर-13 फाइनल में कर्नाटक फुटबॉल टीम ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब फुटबॉल टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर खिताब जीत लिया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा।
महिलपुर में खेले गए फाइनल में कर्नाटक की शुभश्रा ए ने 31वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब की तनवीर कौर ने 38वें मिनट में बराबरी कर दी। इसके बाद मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट में हुआ, जहां कर्नाटक ने दबाव में बेहतर प्रदर्शन किया।
टक ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में मिजोरम को 2-0 से हराया था। यह जीत युवा फुटबॉल के विकास की मजबूत मिसाल बनी।

# ईरानी महिला फुटबॉलरों ने ऑस्ट्रेलिया को कहा धन्यवाद



**मेलबर्न, (हि.स.)**
ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ी फातेमेह पसांदीदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह ने ऑस्ट्रेलिया सरकार का आभार जताते हुए कहा है कि उन्हें यहां एक "सुरक्षित ठिकाना" मिला है और वे अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने के बाद फुटबॉल करियर दोबारा शुरू करना चाहती हैं।
मानवीय वीजा मिलने के बाद अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में दोनों खिलाड़ियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि उन्हें मिली सहानुभूति और समर्थन ने एक सुरक्षित भविष्य की उम्मीद जगाई है, जहां वे बिना किसी डर के रह और खेल सकें। उन्होंने विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया के गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क का धन्यवाद किया, जिन्होंने उन्हें सुरक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई।
दरअसल, एशियन कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी टीम के छह खिलाड़ियों और एक सपोर्ट स्टाफ को मानवीय वीजा देने का फैसला किया था। यह कदम उस समय उठाया गया, जब क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं ने खिलाड़ियों की स्थिति को संवेदनशील बना दिया था। हालांकि, इस समूह के पांच सदस्य बाद में अपना निर्णय बदलकर ईरान लौट गए, जबकि फातेमेह और अतेफेह ने ऑस्ट्रेलिया में ही रहने का फैसला किया।
वर्तमान में दोनों खिलाड़ी ब्रिस्बेन रोअर के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान अपनी सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन को स्थिर करने पर है, लेकिन वे पेशेवर खिलाड़ी के रूप में मैदान पर वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शुभांकर शर्मा ने जीता पहला बॉल्डर्स क्लासिक खिताब



**हैदराबाद, (हि.स.)**
राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभांकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले बॉल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।
दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अनुभव और सटीक खेल का बेहतरीन नमूना पेश किया। पूरे टूर्नामेंट में उनका दबदबा साफ नजर आया।
शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का संतुलित स्कोर बनाया। दूसरे दिन भी उन्होंने छह अंडर 66 का प्रदर्शन दोहराते हुए हाफवे स्टेज तक दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे दिन उनका खेल और निखर कर सामने आया, जहां उन्होंने आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर किया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल रही। यह प्रदर्शन कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला था और इससे उन्होंने सात शॉट की मजबूत बढ़त बना ली।
फाइनल राउंड में भी शर्मा ने संयम और आक्रामकता का संतुलन बनाए रखा और आराम से खिताब अपने नाम कर लिया।
29 वर्षीय भारतीय गोल्फ स्टार, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रमुख चेहरों में गिने जाते हैं, 2024 में राउंडग्लास स्पोर्ट्स से जुड़े थे। उनका उद्देश्य युवा गोल्फरों को प्रेरित करना और अपने अनुभव से खेल के विकास में योगदान देना है।

# उबर कप से बाहर हुए ट्रीसा-जॉली और गायत्री गोपीचंद, श्रुति-प्रिया को मिला मौका




**नई दिल्ली, (हि.स.)**
उबर कप से ठीक पहले भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को बड़ा झटका लगा है। देश की प्रमुख महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। यह बदलाव टीम की रणनीति और संतुलन पर सीधा असर डाल सकता है, क्योंकि यह जोड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सबसे भरोसेमंद जोड़ियों में गिनी जाती रही है।
बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि ट्रीसा जॉली को पिछले महीने स्विस ओपन के दौरान कंधे में चोट लगी थी। इसके बाद से वह लगातार रिकवरी की प्रक्रिया में थीं और कोर्ट से दूर थीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में वापसी की तैयारी कर रही थीं, लेकिन ट्रीसा की चोट दोबारा उभर आने से उनकी वापसी टल गई और अंततः उन्हें उबर कप से बाहर होना पड़ा।
बीएआई ने इस स्थिति में युवा जोड़ी श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम को टीम में शामिल किया है। यह जोड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 48वें स्थान पर है और उनके सामने अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद को साबित करने का बड़ा अवसर है।
इनके अलावा काविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की जोड़ी भी टीम का हिस्सा है, जिससे युगल वर्ग में विकल्प बने हुए हैं।
महिला टीम की अगुवाई अनुभवी खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी. वी. सिंधु करेंगी। उनके नेतृत्व में टीम संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेगी। एकल वर्ग में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, जिनमें उन्नति हुड्डा, तान्वी शर्मा, देविका सिहाग और इशारानी बरुआ शामिल हैं। इसके अलावा तनीषा क्रास्टो को भी टीम में जगह दी गई है, जिनसे युगल मुकाबलों में योगदान की उम्मीद है।
यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भारत को मजबूत टीमों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन टीम प्रबंधन को युवा खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।
वहीं पुरुष वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी चर्चा में है। यह जोड़ी 2022 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभा चुकी है। हालांकि हाल के दिनों में दोनों खिलाड़ी चोट से जूझते रहे हैं और उन्होंने एशिया चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था, लेकिन उबर कप से पहले उनकी वापसी टीम के लिए राहत भरी खबर हो सकती है।
कुल मिलाकर, चोटों के कारण भारतीय टीम को झटका जरूर लगा है, लेकिन यह परिस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा अवसर भी लेकर आई है।